हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री


11 सोरम में चल रहा अवैध मुरम उत्खनन, नहीं हो रही कार्रवाई





11 विज्ञान प्रदर्शनी में व्हीकल रिलेटेड एटीएम सिस्टम का किया प्रदर्शन






# 41 मतदान केन्द्रों में डेढ़ हजार से ज्यादा मतदाता, टूटकर बनेंगे 82 बूथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

**खास खबर**

नगरीय निकाय और त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के पहले युक्तियुक्तरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सर्वे के दौरान पाया गया है कि जिले के करीब 1479 मतदान केन्द्र में 41 केन्द्र ऐसे हैं, जहां डेढ़ हजार से अधिक मतदाता हैं। ऐसे मतदाताओं को दूसरे केन्द्रों में शिफ्ट करने युक्तियुक्तकरण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस नए प्रस्ताव में करीब 41 मतदान केन्द्रों का चयन किया गया है। इन केन्द्रों में डेढ हजार से अधिक मतदाता होने के कारण इसे अलग कर 82 (अनुभाग) मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इस प्रस्ताव को राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा गया है।

बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अगस्त माह में मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किए जाने के निर्देश जारी किए थे। इसे 19 सितंबर तक पूरा करना था। नए प्रस्ताव को लेकर बढ़ती आबादी के कारण मतदान केन्द्रों में अव्यवस्था की स्थिति, एक ही परिसर में अधिक मतदान केद्र होने के कारण कानून व्यवस्था बनाए रखना चुनौती को कारण बताया गया था। बहरहाल बीएलओ द्वारा सर्वे किया गया है, जिसमें 41 नए केन्द्र बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके बाद जिले में 1479 मतदान केन्द्र बढ़कर 1520 हो जाएंगे।


### कुम्हारी का एक मतदान केंद्र ऐसा जहां 1501 मतदाता

जानकारी अनुसार पाटन विधानसभा के कुम्हारी केन्द्र क्रमांक 20 में 1501 मतदाता थे, जिसे समायोजित कर मतदान केन्द्र 21 किया गया है। इसी तरह परसदा केन्द्र 28 को तोडकर 29 और 30 बनाया गया है, यहां 1506 मतदाता थे। वहीं अमेलश्वर 36 को दो अनुभाग 38 और 39 बनाकर मतदाता 1071-468 किया गया हैं, वही अमलेश्वर मतदान केन्द्र 42 को 1536 को 45-46 कर मतदाता 734-802 में बांटे गए हैं। वही दुर्ग ग्रामीण में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के लक्ष्मी नगर रिसाली वार्ड 29 पुराने मतदान केन्द्र 103 में 1613 मतदाता को केन्द्र क्रमांक 103-104 में 698-915 मतदाता पर रखा गया है। इसी तरह पुराना केन्द्र 121 को दो अनुभाग 122-123 बनाया गया। केन्द्र 178 को तोड़कर 180-181 बनाया गया है।

## जिला निर्वाचन आयोग ने भेजी रिपोर्ट, दो अनुभाग से मिलेगी राहत

### दो दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों का स्थल परिवर्तन, मतदाताओं को होगी आसानी

जानकारी अनुसार करीब 25 मतदान केन्द्रों का स्थल परिवर्तन भी किया गया है। जिसमें कारण दो किमी की दूरी, एक भवन में मतदान केन्द्रों का अधिक होना, जर्जर होना कैंपस छोटा व मूलभूत सुविधा नही होने जैसे कारण बताया गया है। जिसमें पाटन के मतदान केन्द्र 138 को 142 में शिफ्ट करने का प्रस्ताव दिया गया है, क्योंकि यह दो किमी की दूरी बताई गई है। दुर्ग शहर के उरला वार्ड क्रमांक 57 मतदान केन्द्र 6, उरला वार्ड 58 का केन्द्र 12 और 11, 14 के जगह नए प्रस्ताव तैयार किए गए है। इसी तरह औद्योगिक नगर उत्तर वार्ड 17, वार्ड 18 शामिल हैं। दुर्ग शहर में नौ केन्द्र के लिए दूसरा प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसी तरह वैशाली नगर के सात केन्द्रों के लिए नए प्रस्ताव तैयार किए गए है, जिन्हें दूसरे जगह शिफ्ट किया जाएगा। अहिवारा विधानसभा में सात केन्द्र जिसमें हथखोज, चरोदा शामिल है।



### भेजा गया है प्रस्ताव

जिले में मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। जिसमें 41 नए मतदान केन्द्र बनाने और 25 का स्थल परिवर्तन व सात का नाम बदलने का प्रस्ताव तैयार कर आयोग को भेजा गया है।

**वीरेन्द्र सिंह**, जिला उप निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग

### बघेरा में अब दो केंद्र, दोनों में होंगे 976-976 मतदाता

दुर्ग शहर के पुराने केन्द्र बघेरा वार्ड 56 क्रमांक एक को तोड़कर क्रमांक एक और दो बनाकर 1544 मतदाता को 976-568 बांटा गया है। इसी तरह दुर्ग शहर में मतदान केन्द्र चार, दस, 28, 35,98,178,190,199,213,214 को तोड़कर दो अनुभाग बनाए गए हैं। भिलाई नगर में भिलाई नगर खुर्सीपार जोन दो वार्ड 49 मतदात केन्द्र 133 में 1513 मतदाता और 141 में 1595 मतदाता होने के कारण इसे दो भागो में बांटा गया है। वैशालीनगर विधानसभा के सोलह केन्द्रों में बदलाव किया गया है। यहां भी डेढ़ हजार से अधिक मतदाता होने के कारण दो अनुभाग बनाए गए हैं। वही अहिवारा विधानसभा में पांच मतदान केन्द्र प्रभावित हुए है, यहां भी दस अनुभाग बने हैं। इस तरह 41 पुराने मतदान केन्द्रों को दो अनुभाग बनाने के बाद टोटल 82 केन्द्र अस्तित्व में आएंगे।

---

## खबर संक्षेप

### मुर्गा चौक में अस्थाई पार्किंग बैठक में निर्णय



**भिलाई।** ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने के लिए सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल में पुलिस और बीएसपी प्रबंधन, सीआईएसएफ और ट्रांसपोर्टर की बैठक हुई। इस दौरान डीएसपी सतीश ठाकुर ने बोरिया गेट की पार्किंग व्यवस्था, को व्यवस्थित करने, रोलिंग मिल, मुर्गा चौक में अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। वाहनों के आसानी से आवागमन के लिए सीआईएसएफ के द्वारा वाहनों का नई तकनीकी सिस्टम से जांच कर प्रवेश दिया जाएगा। जिससे जाम की स्थिति निर्मित नहीं होगी, बोरिया गेट में टोकन सिस्टम, स्क्रीन डिस्प्ले सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा। वाहन अपनी अपनी बारी से प्रवेश करें, इस सिस्टम से अनावश्यक वाहन गेट पर लाकर खड़ा नहीं करेंगे। सर्विस व्हीकल वाहन जो प्लांट में प्रवेश करेंगे वे सभी वाहन मरोदा गेट से प्रवेश किया जाएगा। भारी वाहनों, कर्मचारी वाहनों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए जाएगें। इस बैठक में सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, एसी सीआईएसएफ प्रिंस कुमार, निरीक्षक केबी नागे, निरीक्षक राजेश कुमार साहू, जेएन ठाकुर जीएम एचआर , ट्रांसपोर्टर अध्यक्ष संचालक इंद्रजीत सिंह, एचआर जीएम विकास चंद्र समेत बीएसपी प्रबंधन अन्य अधिकारी आदि मौजूद थे।

### गुरुसिंघ सभा सेक्टर-6 का चुनाव 6 को

**भिलाई।** गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा सेक्टर-6 के नए पदाधिकारियों का चुनाव 6 अक्टूबर दिन रविवार को होगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित अन्य सभी पदों पर निर्वाचन होना है। वर्तमान अध्यक्ष कुलवंत सिंह ने बताया कि निर्वाचन की प्रक्रिया दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे के मध्य होगी। सभी सदस्य गुरुद्वारा साहिब में पहुंचे। दोपहर 3 बजे तक सदस्यों से रायमशवरा करने के बाद आपसी सहमति से नई कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। वर्तमान पदाधिकारियों ने बताया कि चुनावी की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

---

**सरकारी आवास रहने लायक नहीं:** ईडब्ल्यूएस की जगह पर बने हैं मकान

# खस्ता हाल पीएम आवास, 6 साल पहले अधूरा निर्माण, खिड़कियां भी टूटी हुईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

**हरिभूमि सरोकार**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से शुरू की गई पीएम आवास योजनाा का अधिकारी पलीता लगा रहे हैं। सरकारी आवासों के निर्माण की गुणवत्ता और आबंटन का सच जाानना है तो एक बार शांति नगर सड़क-9 के पास रजत बिल्डर्स से ईडब्लूएस पर बनाए गए आवासों को देखने जरूर जाएं। आवासों में 10 से ज्यादा कब्जे में हैं। दरवाजे-खिड़कियां टूटे हुए हैं। हरिभूमि ने जब इस बारे में स्थानीय लोगों और कुछ अधिकारियों से बात की, तो पता चला कि अब भी 30 प्रतिशत से ज्यादा काम नहीं हुआ है। किचन शेड, बाथरूम से लेकर पानी के इंतजाम तक पर्याप्त नहीं किए गए हैं। शासन के फरमाान पर भिलाई निगम के अफसर आनन-फानन में इन आवासों के आवंटन की तैयारी में हैं, जबकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार आपत्ति की गई है। इसके बााद भी इन जर्जर आवासों के आवंटन की तैयारी की जा रही है। बता दें कि केंद्र शाासन की इस योजना में आवासहीन परिवारों को रियायती दर पर आवास दिलाने के उद्देश्य से एएचपी घटक के अंतर्गत इन आवासों का निर्माण कराया है। प्रति आवास 5 से 8 लााख रुपए की राशि खर्च की गई है। लेकिन कार्य की गुणवत्ता और सत्यापन को लेकर कहीं किसी प्रकार की जांच नहीं की गई। इतना ही नहीं आवासों के बनने के बाद सालों लोगों को आवास के लिए इंतजार कराया गया। वर्तमाान में बनाए गए इन आवासों की हालत बेहद खराब है, जिन्हें आवंटित किए जाने की तैयारी की गई है। 3 अक्टूबर को लॉटरी से इन आवासों का आवंटन किया जाना है।

### 3 अक्टूबर को लॉटरी से आवंटन की तैयारी, 64 आवास के लिए 148 आवेदन







### आवास के लिए चक्कर काट रहे हितग्राही

आवास के लिए पिछले करीब 5 सालों से हितग्राही चक्कर काट रहे हैं। अलग-अलग जगहों पर शिविरों के माध्यम से भिलाई निगम ने आवेदन तो ले लिए, लेकिन आवंटन के लिए तारीख तय नहीं हो पाई। कुछ मामलों में आवंटन की तारीख तय हुई, समारोह आयोजित कर सांकेतिक रूप से अधिकार पत्रक भी सौंप दिया गया, लेकिन नियमतः प्रक्रिया आगे ही नहीं बढ़ पाई। इसके कारण हितग्राही लगातार चक्कर काटते रहे। दुर्ग और भिलाई निगम में पीएम आवास के नाम पर लोगों को ज्यादा परेशान किया गया।



### अधूर मकानों में कब्जा, जुनवानी में आधिपत्य तक नहीं दे रहे

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए अधिकांश आवासों पर कब्जा है। सभी जगहों पर उंचे रसूख और राजनीतिक संरक्षण में आवासों में कब्जा करा दिया गया है। निगम के अधिकारी चाह कर भी इन आवासों से कब्जा नहीं हटा पा रहे हैं। इतना ही नहीं जुनवानी में योजना के तहत 110 आवास बनाए गए हैं, लेकिन अब तक आधिपत्य पत्रक तक जारी नहीं किया गया है। पिछले 4 महीने से हितग्राही निगम दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। हितग्राहियों ने इसकी शिकायत भी की है। लेकिन सुनवाई अब तक नहीं हुई है।

### किराएदारों को भी आवास का आवंटन

योजना के तहत लंबे समय से किराए में रह रहे परिवारों को आवास की पात्रता दी गई है। तय नियमों के अनुसार वर्ष 2015 के पहले से निवासरत आवासहीन और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आवास की पात्रता है। योजना में विस्थापितों को भी आवास आवंटन किया जाना है। विस्थापितों के मामलों में कई जगहों पर आवास का आवंटन किया भी जा चुका है। उनसे अलग-अलग किस्तों में 75 हजार रुपए की राशि लेकर आवास का आबंटन किया जाना था। वहीं अन्य ले 9 किस्तों में 3.75 लाख रुपए लेकर आवास आबंटन किया जाना है। लोन की स्थिति में यह राशि 7 साल में अलग-अलग किस्तों में जमा कराई जा सकती है।



---

# 15 जगहों पर 3709 आवासों को मंजूरी, बने सिर्फ 1083

### पीएम आवास बनने की रफ्तार धीमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र के 15 जगहों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 3709 आवासों का निर्माण किया जाना है, लेकिन अब तक सिर्फ 1083 आवास ही बन पाए हैं। 1912 आवासों का काम अब भी चल रहा है। निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार बनाए गए आवासों का आवंटन 3 अक्टूबर को किया जाना है। लॉटरी पद्धति से प्रक्रिया की जाएगी। प्रक्रिया सुबह 11 बजे निगम कार्यालय में शुरू होगी। अधिकारियों ने बताया कि जिन मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उन मकानों को हितग्राहियो को आबंटन किया जा चुका है। इसी प्रकार जिन मकानो का निर्माण कार्य जारी है उन मकानो का आबंटन किया जाना है। फिलहाल जिन मकानों का निर्माण किया जा रहा है, उनके दिसम्बर माह तक पूर्ण होने का दावा किया जा रहा है। निर्माण किए गए मकानो मे से 1083 मकानो का आबंटन हितग्राहियों को किया जा चुका है। उनमें से 1906 आवास आबंटन के लिए शेष हैं। इसके लिए 2058 हितग्राहियो का चयन जिला चयन समिति के द्वारा किया जा चुका है। जैसे ही हितग्राही द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान की राशि निगम कोष में जमा किया जाएगा। उन्हें नियमानुसार लाटरी पद्वति से आवास आबंटन किया जाना है। हितग्राहियो द्वारा पहले से आवेदन किया गया है। यहां तक प्रथम किस्त की राशि भी जमा करा दी गईई है। अधिकारियों ने बताया कि मकान आबंटन होने के बाद शेष बकाया राशि 9 समान किस्तों में जमा करने के बाद ही मकान की चाबी प्रदान की जाएगी।

## छेड़खानी करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 78 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि छेड़खानी करने वाले केम्प-1 शास्त्री नगर सूर्या क्लब के पास थाना छावनी निवासी शेख शाहिद को गिरफ्तार किया है। पीड़िता के शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आते हुए मुखबिर की सूचना पर शेख शाहिद को पकड़कर बारिकी से पूछताछ किया। घटना को लेकर आरोपी ने स्वीकार किया।

---

# कैंप-1 में चाकूबाजी, आरोपियों का निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आपसी विवाद के बाद दो गुटों में जमकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जुलूस निकाला है। साथ ही आरोपियों से क्राइम सीन रिक्रएट भी कराया गया। घटना थाना छावनी क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि रविवार रात 12 बजे सूचना मिली की शास्त्री नगर साक्षरता चौक कैंप-1 में कुछ युवकों में आपस में विवाद चल रहा है। युवकों के पास चाकू भी अपने पास रख चला रहे है। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुचाया गया। शास्त्री नगर निवासी प्रतीक वासनिक के पेट में कटर लगने से आंतें बाहर आ गईं। प्रतीक को बचाने के लिए उसका भाई सामने आया तो आरोपियों ने उसे भी चाकू से वार कर गंभीर कर दिया। दोनों घायलों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया गया। जहां से गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। बीएम शाह अस्पताल ले जाया गया है। प्रतीक के मुताबिक रात पुरानी रंजिश के चलते शास्त्री नगर बुद्ध विहार निवासी पुरषोत्तम उर्फ शेरा, चरनू राव, राकेश साहू, तुषार निर्मलकर युवकों पहुचे। आते ही युवकों ने पहले गाली गलौज करना शुरु कर दिया। फिर मारपीट करने लगे तब प्रतीक को मारता देख उसका भाई भी आया। आरोपियों ने दोनों भाइयों को कटर से वार कर गंभीर कर दिया चाकू मारा और भाग गए।



### पुलिस ने कान पकड़कर माफी भी मंगवाई

पुलिस ने हथकड़ी लगाकर चारों आरोपियों को पूरे शास्त्री नगर क्षेत्र में पैदल घुमाया। इस दौरान बदमाश कान पकड़कर अपने किए की माफी मांगते दिखे। क्राइम सीन के दौरान घायल के परिजनों रो-रोकर आरोपियों से पूछा कि उनके भाइयों ने क्या बिगाड़ा था, जो उनको कटर से मारा। घटना को अंजाम देकर फरार होने वाले आरोपियों को छावनी पुलिस ने तुरंत ट्रेस कर लिया। सूचना के आधार पर पुलिस ने रात 3 बजे तक अलग-अलग ठिकानों दबिश देकर आरोपियों को पकड़ लिया। इसमें एक आरोपी जिम के भीतर ताला लगाकर सो गया था। उसे वहां से पकड़ा गया। अन्य तीन फरार आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## सियान सदन में वरिष्ठजन दिवस आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा मंगलवार को भिलाई इस्पात सियान सदन के रहवासियों के लिए वरिष्ठजन दिवस का आयोजन भिलाई इस्पात सियान सदन, दुर्ग में किया जा रहा है। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार मुख्य अतिथि होंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के सहयोग से वरिष्ठजनों का चिकित्सीय परीक्षण व महात्मा गाँधी कला मंदिर सभागार में वरिष्ठजनों हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु ओम ज्वेलर्स

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री

916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध आज ही पधारें

★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री

शर्तें लागू

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


---

**भिलाई निगम: वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री से की शिकायत**

# निगम मद हो गया खाली, अफसरों को ही नहीं पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई इन दिनों चर्चा में है। यहां निगम मद खाली हो गया है। इसकी जानकारी निगम के अफसरों कौो ही नहीं है। खबर है कि 25 लाख सड़क मरम्मत और 14 लाख रुपए पेयजल के नाम पर निकला गए। यह कब और कैसे खर्च हुआ, इसकी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस मामले की जानकारी के बाद वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने मामले में शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। सेन ने कहा कि कर्मचारी वेतन समेत अन्य भुगतान रुकने के बाद इस पूरे मामले में खुलासा हुआ है। अब इसकी जांच होगी, जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई भी होगी।

### तत्कालीन आयुक्त को बिना जानकारी दिए हुए भुगतान

जानकारी के मुताबिक इस पूरे मामले के खुलासे के बाद पता चला है कि तात्कालीन आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को इस बारे में खबर ही नहीं है। बगैर जानकारी निगम मद से सड़क मरम्मत सहित कुछ ऐसे काम का भुगतान कर दिया गया है, जिससे गंभीर भ्रष्टाचार की आशंका है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि आज जब निगम कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य आवश्यक भुगतान को लेकर निगम मद में फंड है ही नहीं, तब यह प्रकरण सामने आया है। तत्कालीन आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव से दूरभाष में संपर्क किया गया, तब पूरी जानकारी सामने आई है।





### आखिर कैसे जारी हो गई मद से राशि

विधायक ने बताया कि आयुक्त ध्रुव ने उन्हें अवगत कराया है किि ये सभी कार्य न तो उनके संज्ञान में हैं और न ही उन्होंने ऐसे किसी कार्य को लेकर आदेश जारी किया है। रिकेश ने कहा कि निगम मद से 25 लाख सड़क मरम्मत, 14 लाख पेयजल आदि कुछ ऐसे कार्य हैं, जिनके लिए कुछ लोगों की मिलीभगत से निगम मद का दुरूपयोग किया गया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी मुख्यमंत्री को दी है। उन्होंने कहा कि आशंका यह भी है कि आयुक्त के फर्जी हस्ताक्षर और कूटरचना से ऐसे कार्य के भुगतान हेतु निगम मद का दुरुपयोग हुआ हो। प्रभारी आयुक्त बजरंग दुबे और कलेक्टर ऋचा पकाश चौधरी को भी इसकी जानकारी दी गई है।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### आत्मा साक्षात्कार दिवस निकाली संकीर्तन फेरी

दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू का 60 वा आत्मा साक्षात्कार दिवस के निमित्त भव्य संकीर्तन सुप्रभात फेरी की यात्रा आदर्श ग्राम धनोरा से निकाली गई। सभी साधक और अन्य ग्रामवासी भी संकीर्तन में शामिल हुए। अंत में गुरु देव की मंगल आरती प्रसादी के साथ समापन किया गया। युवा सेवा संघ द्वारा बताया कि गुरु देव का 60 वा आत्मा साक्षात्कार दिवस 4 अक्टूबर को है। देश भर के 450 आश्रम में इस दिन बड़े ही धूम धाम से गुरु देव का यह कार्यक्रम मनाते है। इसी कड़ी में ग्राम बेलैदी में संत आसाराम बापू का आश्रम में 4 अक्टूबर को आत्मा साक्षात्कार दिवस मनाया जायेगा। दी।

### आश्रम में मनाया जाएगा सर्व पितृ अमावस्या श्राद्ध



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में वैदिक रीति रिवाज से सर्व पितृ अमावस्या पर श्राद्ध कार्यक्रम संत आशाराम बापू आश्रम बेलौदी में 2 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से रखा गया है। कार्यकर्म के वक्ता गायत्री परिवार के अवस्थी महाराज द्वारा सर्व पितृ अमावस्या सामूहिक श्राद्ध विधि विधान से की जाएगी। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सफेद वस्त्र पहन कर और सफेद फूल के साथ शामिल हो सकते हैं। यह जानकारी युवा सेवा संघ द्वारा दी गई।

### वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ जन का सम्मान आज

दुर्ग। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 01 अक्टूबर को वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार पद्नाभपुर दुर्ग में दोपहर 12 बजे से किया गया है। जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य व दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के अध्यक्षता में एवं अन्य जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

### बहादुर कलारिन सम्मान के लिए आवेदन 10 तक

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीडन के खिलाफ संघर्षए नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से बहादुर कलारिन सम्मान पुरस्कार प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के रूप में एक महिला को दो लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। वर्ष 2024 के लिए महिलाओं को सम्मानित करने हेतु 10 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को सीलबंद लिफाफे एवं लिफाफे के ऊपर बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2024 अंकित कर निर्धारित प्रपत्र में जमा कर सकते हैं।

# पंपलेट चस्पा: जिस दिन रजिस्ट्री उसी दिन करना होगा शुल्क जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

दस्तावेज लेखको की मनमानी से जिला पंजीयक हालाकान हो गए है। हालात यह हैं कि, परेशान जिला पंजीयक को पांपलेट चस्पा करना पड गया है। जिसमें साफतौर पर कहा गया है कि, जिस तारीख को रजिस्ट्री की जाएगी, उसी दिन पंजीयन शुल्क भी जमा करना होगा। अन्यथा रजिस्ट्री कैसिंल कर दी जाएगी।

इस पोस्टर की जानकारी जुटाने पर पता चला कि, क्रेता व विक्रेताओं की रजिस्ट्री प्रक्रिया संपन्न होने के बाद दस्तावेज लेखक जिला पंजीयक में शुल्क जमा नही करते थे।

ऐसे में अफसरों को कई बार हालाकान भी होना पडा हैं। रजिस्ट्री होने के बाद भी दस्तावेज लेखक राशि को जिला पंजीयक के समक्ष जमा नही करते है। इस पर लगाम लगाने जिला पंजीयक ने पोस्टर ही चस्पा कर दिए है। जिसमें कहा गया है कि, इस तरह की मनमानी सामने आने पर दस्तावेज लेखक तो नही लेकिन पक्षकारों की जवाबदेही होगी। जबकि पडताल से पता चला कि, पक्षकार तो दस्तावेज लेखको के जरिए पंजीयन शुल्क जमा करते है। लेकिन दस्तावेज लेखको की मनमानी से अफसरों को रिकवरी में पसीने छूटते है।

## पंजीयन शुल्क जमा करने में दस्तावेज लेखकों की मनमानी पर लगेगा लगाम

### कई बार हो चुकी शिकायत

रजिस्ट्री के बाद पंजीयन शुल्क जमा नही किए जाने के मामले में पहले भी शिकायत मिली थी। सूत्रों ने बताया कि, इससे पहले भी कई दस्तावेज लेखको का पंजीयन निरस्त करने की चेतावनी भी दी गई थी। हांलाकि इस मामले में जिला पंजीयक द्वारा सख्त रूख अपनाया और पांपलेट के जरिए कडी कार्यवाही के निर्देश दिए है। इस मामले में तत्कालीन जिला पंजीयक पुष्पलता धुर्वे द्वारा भी दस्तावेज लेखको को कई बार फटकार लगा चुके हैं।



### मापदंड से अधिक लाइसेंस जारी

जिला पंजीयक द्वारा तय मापदंड से अधिक दस्तावेज लेखको को लाइसेंस जारी किया गया है। हालांकि इस मामले को लेकर आईजी द्वारा भी सक्त निर्देश दिए गए है। जिसमें उन्होने मनमाने लाइसेंस जारी किए जाने पर रोक लगाने के मौखिक निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि, दुर्ग में निर्धारित मापदंड से दस्तावेज लेखको को अधिक लाइसेंस जारी किए गए है। अब इस पर राज्य शासन ने प्रदेशभर में सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। रजिस्ट्री को लेकर राज्य शासन द्वारा पहले ही तरह तरह के बदलाए किए जा चुके है। जिससे कई बिन्दुओं पर लगाम भी लगे है।

## सामान्य सभा : सदस्यों के सवाल पर अफसर गंभीर नहीं, संतुष्ट नहीं हो पाए सदस्य

# अवैध खनन को लेकर बैठक में हंगामा, जर्जर सड़कों पर चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

### कई विभाग के अधिकारी बैठक से रहे गायब, सदस्यों ने जताई नाराजगी

जिला पंचायत में सोमवार को सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी। इस बैठक में विभाग के अफसर गंभीर नजर नही आए। पिछले बैठक के पालन प्रतिवेदन को लेकर अफसर ही गंभीर नही दिखे। जिसमें नगपुरा से रसमडा की सडक और अवैध मुरूम व मिट्टी खनन पर लगाम जैसे कई मुद्दे बैठक में उठाए गए। लेकिन कार्यवाही के नाम पर अफसर हाथ पर हाथ धरे बैठे रह गए। हर बार की तरह सदस्यों को बैठक में निराशा हाथ लगी।

सामान्य सभा में लक्ष्मी साहू ने बोरई में अवैध खनन को लेकर खनिज विभाग के अफसरों को घेरा, लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नही किया गया। इसी तरह बिरेझर और रिसामा में भी बगैर रायल्टी के खनन का मुद्दा गर्माया रहा। उपाध्यक्ष अशोक साहु ने हैवी ब्लास्टिंग की जानकारी मांगी, लेकिन सहायक खनिज अधिकारी दीपक तिवारी निरूत्तर रहे। इसी तरह जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने अवैध खनन के आड में ओव्हर लाड के कारण सडक की दुर्गति का मुद्दा उठाया। जिस पर आगे खनिज विभाग और आरटीओं द्वारा कार्यवाही किए जाने की बात कही गई। सदस्य लक्ष्मी साहू ने नगपुरा से रसमडा की जर्जर सडक की मरम्मत की मांग की थी। जिस पर पीडब्ल्यूडी के ईई अशोक श्रीवास के साथ उनकी जमकर बहस हो गई। श्री मति साहू ने ईई द्वारा गनिमत कहने पर भडक गई। इसके आलावा सीता राईस मिल से केमिकल किसानों के खेतों में आने के कारण फसल खराब होने का मामला गर्माया रहा, जिस पर पर्यावरण विभाग के अनिता सावंत ने नोटिस जारी किए जाने की बात कही। वहीं इस दौरान सदस्यों ने सभी उद्योगों में एटीपी मशीन नही होने पर कार्यवाही किए जाने का मुद्दा उठाया था।




### जिला अस्पताल में रुपए की डिमांड

जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में परिजनों स राशि लेने का मामला उठाया, वही पोस्ट मार्डम में भी रूपए की मांग की जाती है। जिस पर सिविल सर्जन हेमंत साहू का कहना था कि, अगर इस तरह की लिखित शिकायत और वीडियों मिले तो वे कार्यवाही करेगे। इसके आलावा झेंझरी गांव में देवेन्द्र देशमुख ने अवैध पेड कटाई का मुद्दा उठाया। जिस पर एसडीओ ने जांच के नाम पर अज्ञात पर कार्यवाही करने का रिपोर्ट बना दिया। सदस्यो ने यहां कटे 180 पेडों का हिसाब मांगा, जिस पर अफसर जवाब नही दे पाए। बैठक में इसे लेकर जमकर बवाल भी हुआ।

### शौचालय की राशि नहीं मिलने से नाराजगी

बैठक में सदस्यों ने शौचालय की राशि नही मिलने पर नाराजगी जताई, वहीं पीएम आवास में एक ही नाम को बार-बार स्वीकृत किए जाने पर उपाध्यक्ष आशोक साहू ने आपत्ति जताई। सीईओ ने बताया गया कि, जिले में राज्य शासन ने 5048 पीएम आवास की स्वीकृति दी है। जिसमें स्थाई सूची में शामिल जो 2011 की जनगणना में है, उन्हे प्राथमिकता दी जाएगी। इसके आलावा आवास प्लस में बारह हजार हितग्राही भी पीएम आवास से वंचित है। बैठक में पन्द्रहवे वित्त की राशि को लेकर सीईओ ने कहा कि, आखिर क्या कारण हैं, कि सदस्य कार्य के लिए प्रस्ताव नही भेज रहे है। यहां तक कि वित्त के ब्याज की राशि भी जारी नही की गई हैं।

# भाजपा की सदस्यता यानी राष्ट्रसेवा का संकल्प- यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ विधायक पहुंचे जनता के बीच

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक चल रही सदस्यता अभियान को लेकर विधायक गजेंद्र यादव जनता के बीच पहुंचकर उन्हें भाजपा की सदस्यता बना रहे है। उन्होंने कार्यकर्त्ताओ को कहा कि, सदस्यता अभियान को सिर्फ अभियान ना मानकर पार्टी की सेवा मानना है और सदस्यता अभियान को सफल बनाना है। भाजपा जो कहती है वो करती चुनाव के समय भाजपा ने जो वादे किये थे उसमे से आधे से ज्यादा वादों को पूरा कर दिया है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि, प्रदेश ने हमें जो टारगेट दिया है। हम उसे पूर्ण करने का संकल्प ले। 22 जनवरी को जब राम जन्म भूमि अयोध्या में रामजी अपने मंदिर में विराजित हुए उस समय दुर्ग शहर के हर घर में दीप प्रज्वलित हुआ था। ठीक उसी तरह सदस्यता अभियान के लिए हमें हर घर जाना है। विधायक गजेंद्र यादव आज दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में पुराना बस स्टैंड, कातुलबोर्ड के कॉलोनी, सुभाष नगर, सिंधी कॉलोनी में प्रतिष्ठानो में पहुंचकर नागरिकों से संपर्क कर लोगों को भाजपा से जुड़ने की अपील करते हुए स्वयं ही अपने रेफरल कोड से भाजपा का सदस्यता ग्रहण करवा रहे है। इस दौरान पार्षद नरेश तेजवानी, हिमांशु सिंह, निरंजय दुबे, करण यदु, गगन सिंह, रजत कामड़े, गिरीश यादव, शुभम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## पुरस्कार के लिए आवेदन 10 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के योगदान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार वर्ष 2024 प्रदान किया जाना है। पुरस्कार के रूप में एक महिला को दो लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। उक्त पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को 10 अक्टूबर तक सीलबंद लिफाफे एवं लिफाफे के ऊपर वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार वर्ष 2024 अंकित कर निर्धारित प्रपत्र में जमा करना होगा।

# नल कनेक्शन के लिए गुहार, पानी पाउच फैक्ट्रियों में कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ जनदर्शन में मिले समस्याओं के 137 आवेदन



जनदर्शन में जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन देने की मांग नगपुरा के लोगों ने की है। इसके आलावा पीएम आवास और शहर में चल रहे पानी पाउच की फैक्ट्रियों की जांच की मांग की गई है।

आगामी दिनों पर्व के चलते मिठाई दुकान और पानी पाउच फैक्ट्री में जांच किए जाने के लिए असंगठित कामगार मजदूर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने ज्ञापन दिया है। इसके आलावा ग्राम पंचायत गिरहोलावासियों ने अवैध मुरूम उत्खनन परिवहन की शिकायत की। ग्रामवासियों ने बताया कि, तहसील अहिवारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गिरहोला में तालाब निर्माण किया जा चुका है, उसके बावजूद मुरूम उत्खनन के बहाने तालाब बनाने के नाम से समतल भूमि को अवैध मुरूम उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। इस पर एडीएम ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम नगपुरा निवासी ने जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कनेक्शन प्रदान करने आवेदन दिया। नगपुरा में ग्रामीण परिवारां को नल जल कनेक्शन प्रदान करने का कार्य अधूरा है। ग्रामीण परिवारों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। महिलाओं और बालिकाओं को रोजाना पानी लाने के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ रहा है। एडीएम ने पीएचई विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। उमरपोटी निवासियों ने कालोनी की खराब सड़क की मरम्मत के लिए आवेदन दिया। विगत दो-तीन वर्षो से कालोनी वासियों को खराब सड़क के चलते काफी परेशानी व दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी सूचना ग्राम पंचायत उमरपोटी सरंपच को दी गई थी। वस्तु स्थिति का उन्होंने मुआयना भी किया। साथ ही नाली व नल हेतु गड्ढ़ा खोदकर खुला छोड़ दिया गया है, जिसके कारण आने जाने में और वाहन पार्किंग में असुविधा हो रही है। खराब सड़क के चलते बारिश होने पर कीचड़ के मुख्य परेशानी स्कूल पढ़ने वाले बच्चों की है, जो कई बार रास्ते में स्लिप होकर गिर गए हैं। इस पर एडीएम ने सीईओ जनपद पंचायत दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## नेताओं का मूल्यांकन सदस्यता अभियान से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर जिले के पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं नगरीय निकाय के पार्षदों की बैठक अहिवारा, धमधा, दुर्ग शहर, उतई और पाटन में संपन्न हुई। जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि, वर्तमान जनप्रतिनिधियों को अवसर देने से पहले उनके मूल्यांकन का आधार उनके द्वारा बनाए गए सदस्यता के आंकड़े से होगा, उसके बाद ही किसी नेता की सिफारिश काम आएगी अर्थात पार्टी के प्रति उसका योगदान पहले देखा जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि पार्टी ने पूर्व में नगरीय निकाय और पंचायत में चुनाव लड़ने का मौका दिया और अब आपकी बारी है कि पार्टी के प्रति समर्पण भाव दिखाने की। पार्टी ने व्यक्तिगत तौर पर जो लक्ष्य हर पार्षद को दिया है, उसको पूरा करके अपने पद और संगठन के साथ न्याय करें।

# चारागाह की जमीन की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ कलेक्टर जनदर्शन में की गई कार्रवाई की मांग

पोटियाकला स्थित जमीन पर बिल्डरों और रसूखदारों द्वारा मनमानी किए जाने की शिकायत कलेक्टर से की गई है। यहां घास जमीन को बेचे जाने की शिकायत सामने आई हैं। मामले में कार्यवाही की मांग की गई है।

जानकारी अनुसार खसरा नं. 440, 396, 554 की जमीन शामलात (चारागाह) है। समस्त कृषिकों द्वारा उक्त भूमि को ग्रामीण योजना व चारागह के लिए आरक्षित किया गया था। तथा उक्त भूमि शामलात चारागाह कुल कास्तकार के नाम पर दर्ज है। चूंकि यह ग्राम पूर्व में ग्राम पंचायत के नाम से विद्यमान था तथा तत्कालीन पंच, संरपंच के नाम पर जमीन का दुरूपयोग न हो। कई वर्षों पहले ग्राम पंचायत द्वारा इस जमीन को निर्धन किसानो को एक साल के लिए नीलाम करके उस आय से ग्राम विकास में खर्च करता था। जैसे जैसे पंच सरपंच बदलते गया, नियमानुसार उस जमीन का नामांतरण नहीं हुआ है। जमीन पूर्व में जिसके नाम पर थी। उन्ही लोगो के नाम में रह गई।

वर्तमान में नामांतरण कर लिया गया है, इस पूरे खेल में स्थानीय भूमाफिया तथा बिल्डर्स सहित अन्य की शिकायत की है। जिसका पोटिया कला वार्ड नं. 54 के समस्त वार्ड वासियो द्वारा आपत्ती दर्ज करते है। उक्त जमीन तत्कालीन सरपंच स्व. नाथूराम साहू एवं अन्य पंच स्व. विष्णु साहू स्व. मया राम साहू तथा मनीहर साहू स्व. प्रेम सतनामी के नाम से रखा गया था। मामले में वार्ड 54 के पार्षद ने शिकायत में रिकार्ड की जॉच कर, बिक्री पर रोक लगाकर जॉच का आदेश एवं जमीन से जुड़े सभी व्यक्तियों एवं भूमाफिया पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग कलेक्टर जनदर्शन में की है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में
मामला क्रमांक: 202409100700208/

**मामले की श्रेणी:- राजस्व**

विषय:- अ-6 सन् 2023-2024
दुर्गप.ह.न.00019[819/31(0.0160हे.)].
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार युगलकिशोर देवांगन, अनावेदक पक्षकार -कौशिल्या देवागन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है आवेदक युगल किशोर देवांगन पिता स्व. नीलकंठ देवांगन निवासी वार्ड नं.-04, गली नं.-03, गया नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 819/31 रकबा 0.0160 हे./1575 वर्गफीट भूमि को दानकर्ता कौशिल्या देवांगन पति स्व. नीलकंठ देवांगन निवासी-वार्ड नं.-04, गली नं.-03, गया नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड दान पत्र दिनांक 19/07/2024 को किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दानग्रहिता के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/10/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/09/2024 को जारी किया जाता है।

PANCH RAM SALAME
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

## ब्रम्हकुमारी आश्रम बघेरा में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

# नशामुक्त भारत अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ नशामुक्त राष्ट्र बनाने दिलाई गई शपथ



नशामुक्त भारत अभियान के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में आनंद सरोवर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम बघेरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशामुक्त भारत अभियान हेतु जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग और प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं विधायक गजेन्द्र यादव ने कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने नशामुक्ति प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनों को नशामुक्त राष्ट्र बनाने की शपथ दिलायी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री बघेल ने कहा कि आज हम ऐसे संस्थान में उपस्थित है जो मानव चरित्र निर्माण से जुड़ा है। उन्होंने लोगों से कहा कि नशामुक्त राष्ट्र निर्माण हेतु शपथ में कही गई बातों को अपने जीवन में आत्मसात करें। संभागायुक्त एसएन राठौर ने कहा कि युवा वर्ग को अपनी ऊर्जा का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करना है, यह तभी संभव है जब यह वर्ग नशामुक्त होंगे। इस अवसर पर आईजी आरजी गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अमित सिंह परिहार ने भी विचार रखे।

मुख्य वक्ता डॉ सचिन परब ने बताया कि वे विगत 25 वर्षों से नशामुक्ति अभियान पर कार्यक्रम देते आ रहे हैं। 4 मार्च से सरकार ने यह काम ब्रम्हकुमारी संस्थान को सौंपा है। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग के कला जत्था ने नशामुक्ति पर आधारित गीत एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। मौके पर जिपं. सीईओ अश्वनी देवांगन, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, संयुक्त कलेक्टर मुकेश रावटे, समाज कल्याण विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### मिनी माता सम्मान के लिए आवेदन 10 तक

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली एक महिला अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष मिनी माता सम्मान महिला उत्थान प्रदान किया जाता है। एक महिला संस्था को दो लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। उक्त पुरस्कार हेतु आवेदन कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को 10 अक्टूबर तक सीलबंद लिफाफे में एवं लिफाफे के ऊपर मिनी माता सम्मान महिला उत्थान वर्ष 2024 अंकित कर जमा करना होगा।



राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सांसद विजय 2 को करेंगे लोकार्पण व भूमिपूजन

**जामगांव आर ।** बटरेल में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर रामधुनि प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू करेंगे। विशेष अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जनपद सदस्य द्वय झरना साहू, रवि सिन्हा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, सरपंच अभयराम ठाकुर, उप सरपंच खेमिन साहू मंचासीन रहेंगे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं व सदस्यों का मनोनयन

**जामगांव आर।** दुर्ग जिला के प्रभारी मंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने



प्रभार जिला दुर्ग में विभिन्न समितियों में भाजपा कार्यकर्ताओं व सदस्यों का मनोनयन किया है। जिसमे दुर्ग जिला पंचायत स्तरीय समिति में जामगांव आर भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष धनराज साहू को सदस्य मनोनित किए हैं।जानकारी के मुताबिक साहू अनुविभाग पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष भी है। अनुविभाग पत्रकार बिरादरी ने साहू को शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किए हैं।

### सोनकर समाज की बैठक में हुई चर्चा



**कुम्हारी ।** सोनकर समाज कुम्हारी राज के पार क्रमांक 2 के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में शनिवार को बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सामाजिक गतिविधियों के अलावा भवन निर्माण, आर्थिक गतिविधियां सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें पार अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारीगण शामिल हुए। इस बैठक में समाज के चंदन सोनकर, किशोर सोनकर, राकेश सोनकर, भानु प्रताप सोनकर, तामेश्वर सोनकर सहित वरिष्ठ सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

## पोषण माह के विभिन्न गतिविधियों की दी गई जानकारी

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमीत गंडेचा के मार्गदर्शन में पोषण माह की गतिविधियों का समावेश कर आयोजन किया गया। सभी के लिए पौष्टिक आहार यह थीम संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के लक्ष्य के अनुरूप है, जो सभी जीवन चरणों

■ बच्चों को पोष्टिक युक्त भोजन कराया गया

में लोगों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले आहार को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा रैली निकाली गई, पोषण आहार पर आधारित फल, सब्जी का स्टाल लगाया, बच्चो के लिए रेडी टू ईट से अलग-अलग व्यंजन चीला, ठेठरी, खुरमी, खीर बनाये गये।

मौसमी पोषण युक्त स्थानीय सब्जी एवं फल की प्रदर्शनी लगाई गई। ग्राम पंचायत पतोरा सरपंच अंजीता साहू द्वारा कुल 26 कुपोषित बच्चों के पालकों को उनके बच्चों के कुपोषण का स्तर बताया गया और गुड़, चना, फल्ली महीने भर के लिए प्रदान किया गया। गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त आहार करने की जानकारी दी गई। जिसमे किरण, भारती, हितेश्वरी गोदभराई का रस्म किया गया। कौशिल्या साहू की पुत्री प्रियंसी का अन्नप्रासन्न खीर खिलाकर किया गया। बच्चों को पोष्टिक युक्त भोजन कराया गया। जिसमे पर्यवेक्षक तिलोत्तमा मोटघरे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमुना ठाकुर, अहिल्या साहू, इंद्रा साहू, हेमलता सोनवानी, भारती साहू, तेजश्वरी जोशी सहायिका किलेश्वरी कौशल, लता चाँदने, मंजू ठाकुर, राजकुमारी, धनेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

**मौसमी पोषणयुक्त स्थानीय सब्जी व फल की प्रदर्शनी लगाई**



### राष्ट्रीय पोषण माह और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान

**अंडा।** ग्राम कुथरेल में रास्ट्रीय पोषण माह और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के सरपंच जयश्री प्रेरणा चंद्राकर, पंच गण, मेडिकल अधिकारी, एएनएम, समस्त मितानिन, मिडिल और प्राइमरी शाला के प्राचार्य एवं शिक्षक, समस्त छात्रा, ग्रामवासी, केंद्र के हितग्राही उपस्थित थे। शाला के किशोरी बालिकाओं और शिक्षकों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और पोषण संदेश के साथ रैली निकाली गई। पर्यवेक्षक देवकी साहू ने स्थानीय अनाज, भाजी और फल के द्वारा भोजन को और कैसे पौष्टिक बनाया जा सकता हैं इसके बारे में जानकारी दी गई। व्यंजन प्रतियोगिता में केंद्र के हितग्राही माताओं द्वारा बनाए गए व्यंजन की प्रतियोगिता भी रखी गई थी जिसमें हितग्राहियों ने भाग लिया और पुरुस्कार जीता। प्राचार्य द्वारा बच्चों को स्वच्छता, हाथ धोने, पौष्टिक भोजन लेने की तथा मेडिकल अधिकारी द्वारा कृमि नाशक गोली, आयरन टैबलेट नियमित लेने, फास्ट फूड से दूर रहने एवं घर के पौष्टिक खाना खाने की सलाह किशोरी बालिकाओं को दी। इस अवसर पर कार्यकर्ता शैलेंद्री, निरंजना, गीता तथा चितरेखा, सहायिका सीता द्वारा रेडी टू ईट के पौष्टिक व्यंजन बनाने की विधि बताई गई। सरपंच द्वारा छत्तीसगढ़ी भाजी की उपयोगिता बताई गई।



## सोरम में चल रहा अवैध मुरम उत्खनन, नहीं हो रही कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत सोरम में अवैध मुरुम खनन का काम चल रहा है जिसमें माइनिंग अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। मिली सूचना के मुताबित ग्राम पंचायत के ग्रामीण के द्वारा किया गया विरोध को भी नही सुन रहे हैं। वहीं अवैध मुरुम खनन अधिकारी और पंचायत की मिलीभगत से चल रही है। वहीं अवैध ढंग से मुरुम खनन गंव के मैदानी जगह को देख कर कर रहे हैं। अवैध उत्खनन बिना परमिशन के ग्राम पंचायत सोरम में मुरुम उत्खनन अधिक मात्रा में जारी है जिस पर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नही दे रहे हैं। वहीं सूत्रों से पता चला है कि ग्राम पंचायत के उपसरपंच के द्वारा विरोध करने पर भी नही मान रही है। अवैध ढंग से उत्खनन पर गांव के ग्रामीण ने इसका विरोध किया है लेकिन खुले आम हो रहे हैं। ग्राम पंचायत सोरम के सरंपच भी इस मामले को लेकर गंभीर दिखाई नही दे रही है। खनिज विभाग मिली जानकारी के अनुसार किसी ठेकेदार के इशारे पर अवैध रूप से मुरुम उत्खनन हो रही है। अवैध उत्खनन में जेसीबी और ट्रक सुबह से लगा रहता है। जेसीबी और ट्रक आपको बता दे कि जिसे ही शाम होती है अवैध खनन माफिया के द्वारा किया जाता है। खनन बिना माइनिंग के परमिशन से अवैध उत्खनन जोरो पर है जिस पर ठेकेदार लाल हो रहे हैं। मुरुम उत्खनन पर उचित कार्यवाही जल्द नही हुई तो शासन को बड़ी से बड़ी आर्थिक हानिकारक प्रभाव पड़ता रहेगा।

■ माइनिंग अधिकारी साधे हुए हैं चुप्पी

■ गांव वालों के विरोध करने पर नही हो रही कार्रवाई

### जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम हैदर नहीं रहे, 45 साल तक दी अपनी खिदमत

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई की पहचान जामा मस्जिद सेक्टर-6 में पूरे 45 साल तक इमामत करने वाले पहले इमाम



हाजी हाफिज अजमलुद्दीन हैदर (82) ने सोमवार दोपहर आखिरी सांस ली। पिछले कुछ दिनों से वह शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। उनके गुजरने की खबर से इस्पात नगरी में शोक व्याप्त है। मरहूम हैदर शहर के हर वर्ग और समुदाय के बीच जाना पहचाना नाम थे। रोजाना लोग उनके पास दुआएं लेने पहुंचते थे। सोमवार की रात उन्हें आखिरी विदाई देने बड़ी तादाद में लोग जामा मस्जिद सेक्टर-6 के ईदगाह पहुंचे। यहां नमाज़ ए जनाजा पढ़ी गई और कैम्प-1 के कब्रिस्तान हैदरगंज में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। इस दौरान दुर्ग-भिलाई व आसपास की तमाम मस्जिदों के इमामो-खतीब, मस्जिद कमेटियों के ओहदेदार, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और अन्य लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे। मरहूम हाफिज अजमलुद्दीन हैदर अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे और दो बेटियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके इंतकाल की खबर मिलने के बाद शोकाकुल लोग उनके स्ट्रीट-24, क्वार्टर 7 बी, सेक्टर-2 स्थित निवास पहुंचे और अपनी ओर से श्रद्धांजलि दी।

■ निजी अस्पताल में ली आखिरी सांस, बड़ी तादाद में मौजूद लोगों ने दी आखिरी विदाई

## आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा का हुआ आगमन, हुई कौशल शिक्षा पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

विद्या कंप्यूटर इंस्टिट्यूट निकुम द्वारा कौशल विकास का कार्यक्रम कंप्यूटर इंस्टिट्यूट तथा स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय में संपन्न हुआ।

■ शासकीय कॉलेज निकुम में जाब आप्शन की दी जानकारी

जहां अतिथियों द्वारा स्किल डेवलपमेंट, माइक्रोसाफ्ट राइस करियर काउंसलिंग नई शिक्षा नीति तथा भविष्य में कौशल शिक्षा के द्वारा भविष्य में जाब आप्शन के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सेंटर क्षेत्रीय कार्यालय से आये आशीष बेलचंदन,. ऋशभ यदु, एस दिनेश राव विद्या कंप्यूटर के संचालक शीतल गौतम सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कौशल विकास के माध्यम से आप अपनी क्षमताओ को विकसित कर सकते हैं। वही निकुम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डी के बैलेन्द्र ने भी कालेज के बच्चो के बारे में बताते हुए कहा अपना डिजिटल युग चल रहा है, हमें समय के साथ एजुकेशन व कम्प्युटर सिस्टम के साथ हाइटेक होना है। गौर हो कि अब गांव में किसान, मजदूरो में नई आशा की किरण जग रही है, अब उनके बच्चे कम्प्युटर, इंटरनेट सिस्टम से जुड़ रहे है। वही अब बेहतर पहल करते हुए संस्था गावों के स्कूलों में भी निःशुल्क प्रशिक्षण देगी।




**बिजनेस साइट**

### छत्तीसगढ़ नीट का एलाटमेंट लिस्ट हुआ घोषित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नीट का एलाटमेंट लिस्ट घोषित हुआ, प्रथम लिस्ट 30 अगस्त को जिसमें 1967 एवं द्वितीय लिस्ट 27 सितंबर को जिसमें 1147 के नाम है। द्वितीय लिस्ट में सामान्य वर्ग 596, पिछडा वर्ग 591, एससी 482, एसटी 356 एवं ईडब्लूएम 544 अंक पाने वालों को जगह मिली। छग में 10 शासकीय 1460 सीट, पाँच प्राइवेट मेडिकल कॉलेज 700 सीट एवं 6 डेन्टल कॉलेज 600 सीट जिसमें एक शासकीय एवं 5 प्राइवेट है। इस वर्ष परीक्षा में 43873 छात्र-छात्राएं नीट में बैठे जिसमें 1240 छग शासकीय मेडिकल कॉलेज हेतु चयन हुआ है। (एआईक्यू+ सीक्यू) 220 सीट की है। द्वितीय आबंटन से चयन होने वाले को 5 अक्टूबर 2024 को दोपहर 2 बजे तक संबंधित कॉलेज में अनिवार्यतः प्रवेश लेना होगा। इस वर्ष कटऑफ पिछले 50 वर्षों से (म.प्र./छ.ग.) पीएमटी में सबसे अधिक रहा। पिछले वर्ष कटऑफ सामान्य 535 पिछड़ा 530, एससी 424, एसटी 320 ईडब्लूएस 484 था। जीडी गवेल मेडिकल पाइंट भिलाई के नोट्स/मार्गदर्शन/पढ़ाने से निखिल 677 जबलपुर, मनोज 610 अम्बिकापुर, हिमांशी 608 भिलाई उत्प्रेक्षा गवेल 463, आस्था 561 रिम्स, रायपुर, अनुषा 365 कांकेर, लक्ष्या 637 बिलासपुर, लेखराम 456 बिलासपुर का भी मेडिकल कॉलेज हेतु चयन हुआ है।



## निधन

### ओमनारायण यादव

**सेलूद।** रिसाली भिलाई निवासी स्व. लीलागर सिंह यादव मूल निवास ग्राम परेवाडीह (उतई) के



पुत्र शिक्षक ओमनारायण यादव उर्फ ओजेश यादव उम्र 50 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अन्तिम संस्कार 30 सितम्बर को दोपहर 12 बजे उनके गृहग्राम परेवाडीह में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी व दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शिक्षा विभाग परिवार समाज व गाँव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### ओमप्रकाश पाल

**दुर्ग।** न्यू आदर्श नगर निवासी पत्रकार ओमप्रकाश पाल उम्र 48



वर्ष का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे मिठाईलाल पाल के पुत्र और श्रेया, समीक्षा पाल के पिता थे।

### बीके मल्होत्रा

**भिलाई।** 43ए/4 नेहरु नगर पश्चिम निवासी पूर्व बीएसपी कर्मी बीके



मल्होत्रा उम्र 85 वर्ष का 29 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 अक्टूबर को दोपहर 12बबजे रामनगर मुक्तिधाम किया जाएगा। वे राजेश, प्रवेश और रेणु के पिता एवं स्नेह मल्होत्रा के ससुर थे।

### होरीलाल भाजपा सदस्य बनाने में कामयाबी हासिल की

**पाटन।** पाटन नगर के भारतीय जनता पार्टी के नगर भाजपा अध्यक्ष होरीलाल देवांगन ने 1050 सदस्य बनाने में कामयाबी हासिल किया है। उनकी सराहनीय कार्य को देखते हुए



राजीव अग्रवाल बीजेपी दुर्ग प्रभारी ने सम्मान किया और जिला अध्यक्ष बीजेपी जितेंद्र वर्मा ने भी बधाई दिए और आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किये। सांसद प्रतिनिधि नितेश तिवारी ने भी गुलाल लगा कर सम्मानित किए और बधाई दिए। वर्तमान में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाये जा रहें सदस्यता अभियान की शुरुवात हो चुकी है जिसमे भारतीय जनता पार्टी ने मात्र 25 दिनों में 4 करोड़ से अधिक सदस्य बना लिया है। जो भारतीय राजनीति में ऐतिहासिक पल है और हमे विश्वास है कि आने वाले दिनों में यहां सदस्यता अभियान और जोर पकड़ेगा और देश में इतिहास रचते हुऐ विश्व पर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगा।

### विज्ञान प्रदर्शनी में व्हीकल रिलेटेड एटीएम सिस्टम का किया प्रदर्शन



**सेलूद।** नीति आयोग द्वारा बिलासपुर स्मार्ट सिटी और नगर प्रशासन के सहयोग से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भर के एटीएल और गैर-एटीएल स्कूलों की 200 से अधिक नवीन परियोजनाओं का प्रदर्शनी स्व.बीआर यादव बहतराई स्टेडियम, बहतराई, बिलासपुर 28 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक एवं 29 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया। प्रदर्शनी में दुर्ग जिला अंतर्गत पाटन ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेलूद के आईटी शिक्षिका ममता सिंग के मार्गदर्शन में गोपिका यादव, कबीर साहू और मोहित चक्रधारी राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में बिलासपुर में अपने विज्ञान माडल व्हीकल रिलेटेड एटीएम सिस्टम का प्रदर्शन किया।

### मंजू जिला कौशल विकास प्राधिकरण की बनी सदस्य

**उतई।** ग्राम पंचायत खोपली के सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा को जिला कौशल विकास प्राधिकरण का सदस्य बनाया गया है। यह नियुक्ति जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर की गई है। मंजू वर्मा ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्त्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के लोकप्रिय विधायक ललित चंद्राकर एवं समस्त भाजपा उतई मंडल का आभार जताया। ग्राम खोपली में हर्ष कि लहर हैं खुशियां मनाने वालो में प्रमुख रूप से संतोष साहू, सुभम वर्मा, देवेंद्र भारती, रामकांत चंद्राकर, जगन्नाथ यादव, किसून चंद्राकर, दुष्यंत सपहा, रमेश साहू, घनश्याम चंद्राकर, राजू लाल साहू, अरुण चंद्राकर, थनेश साहू, पवन चंद्राकर, तोपसिंह कोसरिया, अखिलेश चंद्राकर, सागर वर्मा, जितेन्द्र चंद्राकर, संतोष कौशिक, नंदकुमार सेन, मोहन पटेल, दिनेश देशलहरे, पूरण देशलहरे, भागचंद देशालहरे, लक्ष्मी बंजारे, बाबूलाल सपहा, बिन्दा सपहा, मंशा भारती, टुमन चंद्राकर, करन देशमुख, दीपक साहू, दीपक सेन, भूपेंद्र साहू, चंदन ढहरिया, दीपक वर्मा, गौतम निर्मलकर आदि ने बधाई दी है।






**मोर बूथ मोर अभियान से सदस्य बनाने में जुटे दुर्ग ग्रामीण विधायक**

# हर एक सदस्य पार्टी की असली पूंजी: ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देशभर में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान जारी है। इसी कड़ी में प्रखर राष्ट्रवादी उत्कृष्ट संगठनकर्ता अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद की हमारे प्रणेता हमारे मार्गदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर मोर बूथ मोर अभियान के तहत प्रत्येक मतदान केंद्र पर 100 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी घड़ी में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरई बूथ नंबर 5, 6, 7 पर दुर्ग ग्रामीण व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य बनाएं और लोगों को भारतीय जनता पार्टी के रीति से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के लिए प्रेरित किया और स्वयं गांव भ्रमण कर घर-घर जाकर भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाया।

इस अवसर पर अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर, ओमेश्वर, राजू यादव, सुतीक्ष्ण यादव, छत्रपाल साहू, प्रीत लाल ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि शिवकुमारी वैष्णव, संतोष साहू, गजल यादव, थावेंद्र यादव, प्रीत लाल ठाकुर, संतोष यादव, रवि साहू, अश्वनी साहू, संतोष यादव, नरेश साहू, ईश्वर यादव, रामकली साहू, शिवकुमार निर्मल, रितेश साहू, करण साहू, शत्रुहन साहू, भोलाराम, चाणक्य साहू, गोपी साहू, ईश्वर यादव, रवि शंकर साहू, रूपेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



AGRASEN B.ED COLLEGE
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
APPOINTMENT

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree in Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and 2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and 3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and 4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and 2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR 1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and 2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree in Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and 2. M.Ed. degree with minimum 55% marks UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agraseniti@gmail.com

## खबर संक्षेप

### बानी बनी लैंगिक उत्पीड़न समिति की प्रमुख



**दुर्ग।** भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की जिला संयोजिका बानी सोनी जिला स्तरीय लैंगिक उत्पीड़न निवारण एवं प्रतितोष समिति का प्रमुख बनाया गया है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर उनकी नियुक्ति की गई है। बानी सोनी लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। पूर्व में वे बीजेपी महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। पिछले कुछ समय से बेटी बचाओ पेटी पढ़ाओ अभियान की संयोजिका हैं। उनके द्वारा गांव-गांव में बेटियों को पढ़ाने, उन्हें शिक्षित बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### पूर्व स्पीकर पांडेय ने दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने हाफिज हैदर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। अपने संदेश में पांडेय ने कहा कि जामा मस्जिद सेक्टर 6 में साढ़े चार दशक से भी अधिक समय तक इमामत करने वाले इमाम हाजी हाफिज अजमलुद्दीन हैदर के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। इस दुखद घड़ी में उनके परिवार को ये दुख सहने की शक्ति मिले, यही प्रार्थना करता हूं।

### निरुपमा ने ली भाजपा की सदस्यता



**भिलाई।** पाटन की निरुपमा चंद्राकर ने बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया। बता दें कि वे पूर्व में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ चुनाव लड़ चुकी हैं। चंद्राकर पाटन की पुरानी नेता हैं। ये रमन सरकार के समय इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर की डायरेक्टर भी रह चुकी हैं। उनके पार्टी में शामिल होने से पार्टी के मजबूत होने की बात कही जा रही है।

# दर्द: पंडवानी गायिका तीजन का तंबूरा क्या छूटा, पेंशन देना ही भूले कर्णधार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पंडवानी का मिथक बन चुकीं छत्तीसगढ़ का गौरव तीजन बाई की दीर्घ कला साधना अनूठी ही नहीं बल्कि अप्रतिम भी है। वे इस रत्नगर्भा प्रदेश की इकलौती सौभाग्यशाली लोकगायिका हैं, जिन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म सीरीज के तीनों अलंकरण यानी पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण से अलंकृत किया जा चुका है। एक अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका के रुप में अपने जादुई पंडवानी गायन और प्रदेश में पर्यावरण, कुष्ठ उन्मूलन और साक्षरता आदि कई लोक कल्याण अभियानों में वर्षों कलाकारों के साथ लोक जागजागरण में सुदीर्घ अवदान देने के कारण देश,समाज और सरकारों ने सर आंखों पर बिठाया । यह सालभर पूर्व तब की बात है,जब उनके तंबूरे की गूंज दुर्ग के खारुन से इंगलैंड के टेम्स तक गूंजा करती थी। लेकिन 2023 में जवान बेटे की आकस्मिक मौत के हादसे के सदमे से गिरी सेहत से तंबूरे ने उनका साथ क्या छोड़ा सरकार के नुमाइंदों ने भी उन्हें भुला सा दिया। कला और कलाकारों के संरक्षण के जिम्मेदारों की उपेक्षा का यह आलम है कि अस्वस्थ चल रहीं तीजन बाई को पद्म सम्मान की पेंशन तक नहीं मिल रही है। दर बदर भटक रहे परिजनों ने आखिरकार कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से मदद की गुहार की की है। उन्होंने भरोसा दिलया है। बीएसपी हास्पिटल के अलावा अन्य इलाज करवाने का खर्च भी सालभर से परिवार को खुद वहन करने मजबूर होना पड़ रहा है। लेकिन मुसीबत के इस विकट दौर में भी तीजन दृढ़ इच्छाशक्ति और फौलादी हौसला दिखाते हुए सेवाश्रुसुषा में रात दिन एक करने वाले अपने परिवार और कला बिरादरी के संबल से जल्द फिर से तंबूरा की तान छेड़ने की रट लगाए हुए हैं। उल्लेखनीय है कि 12 साल की छोटी से उम्र से गरीबी और आपदाओं से संघर्ष करते हुए पंडवानी गायन करने वाली प्रख्यात पंडवानी गायिका 76 वर्षीय तीजन बाई को उनके अंतराराष्ट्रीय कला जगत में सतत योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने पहले पद्मश्री फिर पद्मविभूषण और बाद पद्मविभूषण सम्मान से सम्मानित किया है। एक सांस्कृतिक दूत के रुप में उनके अवदान को भी सदैव सराहा गया। इसके लिए उन्हें पद्मश्री और पद्मविभूषण की पेंशन राशि नहीं मिल रही है। लेकिन अपने भरे पूरे परिवार की एकमात्र पालनहार रहीं बीमारी से जूझ रहीं पंडवानी गायिका के लिए यह दुबले पर दो आषाढ़ की तरह है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर श्रीमती चौधरी से मिलकर पद्मश्री व पद्मविभूषण सम्मान की पेंशन राशि जल्द सरकार से दिलवाने की गुहार की है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही राहत मिलेगी।

## परिजनों ने पद्मश्री-पद्मविभूषण राशि की कलेक्टर से की गुहार





### सेक्टर 9 हास्पिटल से छुट्टी, सेहत में सुधार

गौरतलब हो कि 2023 अप्रेल में पंडवानी गायिका तीजन बाई के भोपाल से स्पीक मैके के कार्यक्रम देकर लौटने के बाद 29 मई को उनके बेटे की हार्ट अटैक से हुई मौत के सदमे से तीजन 13 जून को पैरालाइज अटैक पड़ा था। इलाज सेक्टर नौ अस्पताल व जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर पर इलाज उपचार कराया गया था। अटैक के बाद वे ठीक से चल बोल नहीं पाती हैं और शारीरिक रुप से कमजोरी भी महसूस करती हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग, राज्य शासन व बीएसपी जेएलएन हास्टिपटल की पहल से उनका हार्ट का भी उपचार चल रहा है । परिजन बाहर अस्थमा आदि का इलाज करवा रहे हैं। शनिवार को तीजन का बीपी व कोलेस्ट्राल बढ़ने पर उन्हें सेक्टर नौ हास्टिल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार होने पर आज सोमवार को छुट्टी दे दी गई। उपचार के दौरान तीजन की बहन रंभा, बहू सावित्री व रेणू , नातिन मेनका तथा नारायण ठाकुर आदि सिंह ठाकुर आदि परिजन रात दिन अस्पताल में भी डटे रहे। परिजनों ने बताया कि सालभर से तीजन बाई की सेहत खराब होने और पंडवानी कार्यक्रम नहीं दे पाने का सालभर का यह दौर उनके लिए पीड़ादायी है। लेकिन तीजन बाई ने हौसला नहीं छोड़ा है और कभी किसी के आगे हाथ भी नहीं फैलाया। कलाकारों को उम्मीद है कि सरकार उनकी विपदाओं को देखते हुए संवेदना दिखाएगी।

## सीटू ने बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

# आधे अधूरे बायोमेट्रिक फेस रीडिंग सिस्टम से बीएसपी कर्मचारियों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

माह दर माह सेवानिवृत्ती से कम होते मेन पावर के बीच भिलाई इस्पात संयंत्र में आधे अधूरे लगे फेस रीडिग बायोमेट्रिक सिस्सटम से कर्मचारियों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इससे उन्हें चौतरफा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सीटू ने सोमवार को बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक सूरज सोनी से मिलकर बायो सिस्टम की परेशानी सहित अन्य समस्याओं के जल्द निदान की मांग की।

यूनियन ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि 5 अगस्त को आधे अधूरे बायोमेट्रिक फेस रीडिंग अटेंडेंस सिस्टम में बहुत सी परेशानियां विद्यमान हैं। 3 माह बीत जाने के बाद भी प्रबंधन द्वारा कोई विशेष प्रयास नहीं करने से कर्मियों की परेशानियां जस की तस हैं। सीटू नेता ने कहा कि प्रबंधन चाहे तो कर्मियों को राहत मिल सकती है। 27 सितंबर को डिप्टी डायरेक्टर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का दौरा था संयंत्र के अंदर मॉकड्रिल की व्यवस्था की गई थी । उनके संयंत्र आगमन पर मुर्गा चौक से जय स्तंभ चौक और बोरिया गेट के पहले भारी वाहनों को पूरा हटा दिया गया था । यानी प्रबंधन यदि इच्छा शक्ति दिखाए तो सड़क व्यवस्था में सुधार हो सकता है। मेन गेट पर संयंत्र में प्रवेश के लिए सिर्फ चार गेट उपलब्ध हैं, जिसमें सिर्फ एक गेट बीएसपी कर्मियों को अंदर जाने के लिए मिलता है बाकी गेटों से ठेका कर्मियों को अंदर जाने के लिए मिलता है । जबकि निकलने के लिए 10 गेट उपलब्ध होते हैं। इसमें से दो गेटो को बाहर व्हीकल खड़े करने वाले कर्मियों को अंदर जाने के लिए दिया जाना था लेकिन अभी तक कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया है।

## सेक्टर 9 हासिपटल में ओपीडी समस्या का हो निदान



### निकासी के लिए नहीं खुलते अलग-अगल गेट

सीटू के मुताबिक मेंन गेट में सीआईएसएफ द्वारा कब्जा करके ऑफिस में तब्दील किया गए दो गेटों को वापस नहीं लिया जा सका बल्कि सीआईएसएफ ने कब्जा किए हुए आफिस में कम्प्यूटर और केबल आदि लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। संयंत्र के सभी गेटों को अभी तक पूर्व की तरह प्रवेश हेतु प्रथम पाली में सुबह 5. बजे से,सामान्य पाली में 8 बजे से, द्वितीय पाली में 1 बजे से और रात्रि पाली में 9 बजे से नहीं खोला जा रहा है। इसके साथ ही खुर्सीपार गेट, मरौद्रा गेट एवं जोरातराई गेट में आने जाने के लिए सिर्फ एक ही तरफ के गेट खोल जा रहा है । यानी आने के लिए अलग गेट और जाने के लिए अलग गेटों को नहीं खोलता है, जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### सेक्टर नौ ओपीडी व कैंटीन की समस्या

सेक्टर नौ हासिपटल सहित कर्मियों की अन्य लंबित समस्याओं का निदान नहीं होने से भी परेशानी हो रही है। सेक्टर 9 अस्पताल में मेडिकल ओपीडी में डॉक्टर को दिखाए जाने के संबंध में छूट देने, टाउनशिप से संबंधित शिकायतों को कार्मिक विभाग में दर्ज करने की व्यवस्था प्रारंभ करने, इस्पात भवन और एचआर विभाग के बीच की सड़क का चौड़ीकरण करवाने, बायोमेट्रिक आधारित उपस्थिति दर्ज करने पर कर्मचारी द्वारा रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मैसेज भेजने, रात्रि पाली भत्ता का डिक्लेरेशन आटो मोड में ही अपने आप ले लेने की व्यवस्था शुरू करवाने, कर्मियों के छुट्टी संबंधी पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करवाने के लिए टाइम ऑफिस एवं ओएलएएमएस की व्यवस्था को यथावत रखने, संयंत्र के सभी गेटों की तरफ आने वाले सभी सड़कों एवं गेटों से विभागों के तरफ जाने वाले सभी सड़कों सहित कर्मियों की मूलभूत सुविधाओं केंटीन, रेस्ट रूम, बाथरूम की समस्या जस की तस है। सीटू ने बताया कि सीजीएम ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है।

# जोन-2 में बढा पेयजल संकट आयुक्त से मिले आप कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जोन-2 क्षेत्र और वार्ड-15 में भीषण जल संकट की स्थिति है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सोमवार को आयुक्त बजरंग दुबे से मिले। उन्होंने पानी संकट को लेकर आयुक्त को जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने बताया कि वार्ड 15 डॉ. अंबेडकर वार्ड में पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। आप नेता देवेंद्र सिंह भाटिया, संजीत विश्वकर्मा, सुमीत शर्मा, गीतेश्वरी बघेल, चुम्मन साहू , दिनेश यादव, सुजीत, प्रदीप कुमार, चंदू, शांति यादव, ललित यादव ने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि ज़ोन 2 अध्यक्ष, कार्यपालन अभियंता को भी वस्तु स्थिति की जानकारी दी गई थी, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थल का निरीक्षण कर समस्या का तत्काल निराकरण कराएं।

- आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर समस्या का निराकरण करने मांग

# ओए सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** बीएसपी ओए द्वारा सितम्बर माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के सम्मान समारोह का आयोजन 7 बजे प्रगति भवन, सिविक सेंटर में किया जायेगा। सितंब में कुल 131 अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं । सेवानिवृत्त हो रहे शैलेष कुमार दसोरे, जीएम डॉ. लता देवांगन, एडिशनल सीएमओ डॉ. संगीता कामरा, एडिशनल सीएमओ खिलावन सिंह ठाकुर, जीएम इंद्रजीत सिंह, एजीएम राजीव दंडोना, एजीएम संजय कुमार सिंह, सीनियर मैनेजर बैजू केपी, सीनियर मैनेजर लिलक राम वर्मा, सीनियर मैनेजर केशवकरन बामने शामिल हैं।

# सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से सितम्बर माह में 70 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 09 कार्यपालक व 61 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। सेवानिवृत्त कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक निशा सोनी ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

भिलाई निवास में भी आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को विदाई दी गई। मुख्य महाप्रबंधक आरके श्रीवास्तव, संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक विजय शर्मा ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

# तालपुरी की संगीता दिल्ली में डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

तालपुरी बी ब्लॉक की संगीता साहू को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में ऑनरेरी डॉक्टरेट अवार्ड काउंसिल (एचडीएसी) ने कॉन्सेप्ट ऑफ जीरो इन मैथमेटिक्स एंड मॉडर्न टेक्नोलॉजी यानी गणित और आधुनिक प्रौद्योगिकी (मानद) में शून्य की अवधारणा पर शोध कार्य करने के लिए डॉक्टरेट एवार्ड से सम्मानित किया गया है। वे वर्तमान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। इस अवार्ड के लिए नामित व्यक्तियों का मूल्यांकन विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान, व्यावहारिक उत्कृष्टता, नैतिक आचरण और सामाजिक प्रभाव के आधार पर किया जाता है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित होटल अशोक में शनिवार को आयोजित हुए एक भव्य समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सैयद शहनवाज हुसैन, बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी सहित कई गणमान्य व्यक्ति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. शिशिरकना भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। संगीता साहू पिछले 38 वर्षों से शिक्षा जगत से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने पूर्व में भी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, शोध एवं अनुसंधान कार्य किए हैं, जिनकी प्रस्तुति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अनेक सेमिनारों में दे चुकी हैं।




# भिलाई तीन की प्रज्ञा बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

छत्तीसगढ़ स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप के महिला वर्ग में दुर्ग 10 साल बाद चैंपियन बना। सप्रे शाला रायपुर में हुई द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 में भिलाई-3 की प्रज्ञा पाठक चैंपियन बनी। उन्होंने सेमीफाइनल में पहली वरीयता प्राप्त रायपुर की सुरभि मोदी को और फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त बिलासपुर की सुष्मिता सोम को पराजित किया। 10 साल पहले महिला वर्ग में दुर्ग स्व. निशा झा चैंपियन बनी थीं, उसके बाद प्रज्ञा ने यह स्पर्धा अपने नाम किया है। इस स्पर्धा में कोटक महिंद्रा बैंक का सहयोग रहा। प्रज्ञा ने क्वार्टर फाइनल में रायपुर आहना सिंह को सीधे सेट्स में पराजित किया। इसके बाद सेमीफाइनल में बड़ा मुकाबला हुआ। पहली वरियता प्राप्त रायपुर की सुरभि मोदी से मुकाबला हुआ। इसमें उन्होंने 4-1 से जीत हासिल की। इस तरह बिलासपुर में हुई चैंपियनशिप में खिताबी मुकाबले में मिली हार का प्रज्ञा ने उलटफेर करते हुए बदला लिया। फाइनल में उसकी भिड़ंत राज्य की दूसरी वरियता प्राप्त बिलासपुर की सुष्मिता सोम से हुई। इसे उन्होंने 4-1 से सीधे सेट्स में जीत कर खिताब पर कब्जा किया। अपनी सफलता का श्रेय मां गीतांजलि पाठक और कोच कुणाल देव को दिया।

- दस साल बाद दुर्ग को मिला मौका




online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
जांच परामर्श ओपीडी सेवाएं
स्थान: मानव मेडिकोज, सी-70, नंदिनी रोड, पावर हाउस, भिलाई

हृदय रोग
1 अक्टूबर 2024, मंगलवार
शाम 5 से 6 बजे तक
विशेषज्ञ
डॉ. प्रणय अनिल जैन
MD, DM Cardiology (CMC Vellore)
Consultant - Interventional Cardiology
हृदय रोग के लक्षण
• हृदयाघात (हार्ट अटैक)
• हार्ट फेलियर
• एरिथमिया (अनियमित धड़कन)
• हाइपरटेंशन (ब्लड प्रेशर)
• हार्ट वाल्व की समस्या
• हृदय रोग से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान

पेन (दर्द) मेडिसिन क्लीनिक
3 अक्टूबर 2024, गुरुवार
दोपहर 4 से 6 बजे
विशेषज्ञ
डॉ. बबलेश महावर
MBBS, DNB (Anaesthesia), FIPM, CCEPC (AIIMS), EDPM (Europe). Senior Consultant Pain & Palliative Medicine Department
पेन (दर्द) के लक्षण
• पीठ दर्द • कैंसर का दर्द • मधुमेह न्यूरोपैथी
• साइटिका का दर्द • घुटने का दर्द
• कंधे, गर्दन में दर्द • चेहरे की नसों में दर्द
• जोड़ों का दर्द • कलाई का दर्द
• क्रोनिक माइग्रेन और सिरदर्द • नसों का दर्द
• डिमेंशिया • फाइब्रोमायल्जिया • सीआरपीएस
• कमर का दर्द • टखने का दर्द
• पोस्ट हेरपटिक नूरलगिया • पार्किंसंस से होने वाले दर्द

गठिया रोग (रुमेटोलॉजी)
4 अक्टूबर 2024, शुक्रवार
समय: सुबह 10:30 से 2 बजे
विशेषज्ञ
डॉ. नमन जैन
MD (Gen Medicine), DrNB Clinical Immunology and Rheumatology
Consultant Rheumatologist
गठिया रोग के लक्षण
• जोड़ो में दर्द, सूजन, अकड़न, टेढ़ापन
• कमर या गर्दन में दर्द
• मांसपेशियों में कमजोरी या दर्द
• चमड़ी का कड़क होना
• नॉन हीलिंग अलसर (घांव)
• चकत्ते के साथ दीर्घकालिक बुखार
• रेनॉड्स फेनोमिना - सर्दियों में उँगलियों का नीला या सफेद पड़ना

पेट रोग (गैस्ट्रोएंटरोलॉजी)
5 अक्टूबर 2024, शनिवार
शाम 5 से 7 बजे
विशेषज्ञ
डॉ. संदीप पाण्डे
MD, DM (Gastro)
Sr. Consultant - Gastroenterologist
Ramkrishna Care Hospital
पाचन तंत्र की बीमारियों के लक्षण
आहार नलिका: • सीने में जलन • खाना या पानी अटकना
आमाशय: • पेट में दर्द या जलन • उल्टी, भूख ना लगना
पेनक्रियाज या अग्नाशय: • क्रॉनिक पेनक्रियाटाईटिस • मल में तेल का रिसाव
पित्ताशय या पित्त की नली: • पेट में भारीपन/मतली आना • पर्ट दर्द/उल्टी/पीलिया
लिवर: • पीलिया, खून की उल्टी • पेट में पानी भरना
छोटी आंत एवं बड़ी आंत: • कब्ज डायरिया • मलद्वार से खून

हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण
5 अक्टूबर 2024, शनिवार
शाम 5 से 7 बजे
विशेषज्ञ
डॉ. प्रतीक धाबलिया
Joint replacement and Trauma Surgeon
MS Ortho (Mumbai), MRCS(a) (London, UK),
Fellowship in Minimally invasive Joint Replacement (Mumbai)
Fellowship in Robotic Joint replacement (USA)
हड्डी रोग के लक्षण
• सीढ़ी चढ़ने व उतरने में परेशानी
• कमर में तकलीफ
• खेल के दौरान लगी चोट एवं फ्रैक्चर
• घुटने एवं कुल्हे के जोड़ों में दर्द व सूजन
• मांसपेशियों में लगी चोट
• घुटने एवं कंधे के लिंगामेंट में चोट
• कंधे के जोड़ में अकड़न और दर्द

कृपया मरीज अपनी पुरानी जाँच रिपोर्ट साथ लायें।
रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:
9685455735, 9755595859
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर । अपॉइंटमेंट: 0771-6165656
MAHESHWARI4934

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 1 अक्टूबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02



स्वच्छता पर बच्चों ने बनाई ड्राइंग, लिखे निबंध की हुई तारीफ, होंगे सम्मानित

## लाइव इवेंट

### थनौद की कला के जादू से सजेगा मां दुर्गा का दरबार



**दुर्ग।** नवरात्रि की शुरुआत 3 अक्टूबर से हो रही है। इसके साथ ही शहर एवं गांवों के पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी। इस बार थनौद के मूर्तिकार मोरध्वज, बालम, राधेश्याम, देवेंद्र ने मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अद्वितीय और आकर्षक बनाया है, जो छत्तीसगढ़ के हर कोने में दिखाई देगा। मां दुर्गा की नौ शक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाली मूर्तियों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री शामिल हैं। इन मूर्तियों को बनाने में मोरध्वज ने अपनी कला का जादू दिखाया है, जो भक्तों को आकर्षित करेगा। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की पूजा का विशेष महत्व है, जो भक्तों को शक्ति, साहस और संरक्षण प्रदान करती है। इस त्योहार के दौरान लोग अपने घरों और पंडालों में मां दुर्गा की पूजा करते हैं और उनकी कृपा की कामना करते हैं। थनौद के मूर्तिकारो की कला की विशेषता यह है कि उन्होंने मां दुर्गा की शक्ति और सौंदर्य का अद्वितीय संयोजन किया है।

■ 3 अक्टूबर से नवरात्रि की शुरूआत

## सिटी इवेंट

### ब्राह्मण महिला मंडलः वर-वधु ढूंढने बायोडाटा साझा करने निर्णय



**भिलाई।** सर्व ब्राह्मण महिला संखी मंडल की आवश्यक बैठक स्मृतिनगर स्थित साईं मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में अगस्त महीने में आयोजित तीज मिलन पर भी चर्चा की गई। इसमें सभी उम्र की महिलाओं ने पूरे साज श्रृंगार के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। सभी महिलाओं ने पारंपरिक गीतों, नृत्यों तथा अन्य कार्यक्रमों से सभी का दिल जीत लिया। बैठक में सभी का आभार व्यक्त किया गया। महिलाओं में आपस में एकता का मैसेज देने यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में चर्चा के दौरान यह बात निकलकर आई कि शादी विवाह सीजन आ रहा है, तो क्यों ना हम अपने ब्राह्मण समाज में ही वर और वधु ढूंढे। एक दूसरे को अपना संबंधी बनाएं। आज के समय में वर वधु ढूंढना सबसे बड़ा मुश्किल काम हो गया है। इसलिए हम समाज की महिलाएं एक दूसरे की वर-वधु ढूंढने में मदद करें तथा एक महत्वपूर्ण बात जो कि आज हमारे देश में दहेज प्रथा एक बीमारी की तरह फैला हुआ है तो इस दहेज रूपी बीमारी को हमेशा के लिए खत्म करने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से सरोज चौबे, उर्मिला उपाध्याय, अंतिमा मिश्रा, ममता द्विवेदी, शिवा द्विवेदी, पूनम मिश्रा, सुधा शर्मा, विजय शुक्ला मौजूद थीं।

■ स्मृतिनगर साईं मंदिर में आयोजित की गई थी बैठक

## सिटी इवेंट

### तौसीफ, सागर, आदित्य और आशीष राष्ट्रीय प्रतियोगिता खेलेंगे



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सब जूनियर बालक एवं बालिका तथा सीनियर पुरुष सिक्स रेड स्नूकर प्रतियोगिता भिलाई में अविजीत सिंह बिष्ट के क्लब फिनिशर स्नूकर क्लब में हुई। दूसरे चरण में खेली गई प्रतियोगिता में सागर काशवानी, आशीष थवानी, अभिषेक डेविड एवं आदित्य प्रकाश शुक्ला ने अंतिम चार में जगह बनाई। इसमें आदित्य प्रकाश शुक्ला ने सागर काशवानी को 4- 1 से तथा आशीष थवानी ने अभिषेक डेविड को 4- 2 से मात देते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में आदित्य प्रकाश शुक्ला ने आशीष थवानी को 5-3 से मात देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों ही फाइनलिस्ट 6 रेड स्नूकर के राष्ट्रीय स्नूकर स्पर्धा में भाग लेने जाएंगे। इस प्रकार 15 रेड स्नूकर विजेता सागर कासवानी तथा उपविजेता मोहम्मद तौसीफ एवं 6 रेड में विजेता आदित्य प्रकाश शुक्ला एवं उपविजेता आशीष थवानी चारों ही राष्ट्रीय स्नूकर स्पर्धा में भाग लेंगे।

■ चारों खिलाड़ी स्नूकर की आयोजित प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता

● गरबा ट्रेनिंग में कचुकों, भवानी गरबा, टिमली के स्टेप के साथ सीखे चौकड़ी व छकड़ी

# इस साल गरबा हरिभूमि के संग, निःशुल्क पंजीयन 6 व 7 को होने वाली प्रतियोगिता जीतने का मौका

**भिलाई।** नवरात्र पर्व पर दैनिक हरिभूमि भिलाई और आईएनएच के संयुक्त तत्वावधान में भव्य डांडिया रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन 6 और 7 अक्टूबर तक सेक्टर 8 स्टील क्लब में किया जाएगा। जिसके लिए स्टील क्लब में दोपहर 2 से 5 बजे तक गरबा की ट्रेनिंग ट्रविनसिटी के स्पेशल ट्रेनर्स द्वारा स्टील क्लब सेक्टर 8 में दी जा रही है। ट्रेनिंग के लिए अभी पांच दिन शेष बचे है।

### सभी आयु वर्गों में गरबा सीखने दिख रहा उत्साह

गरबा ट्रेनिंग में रोज सैंकड़ो लोग शामिल हो रहे हैं। ताकि हरिभूमि के गरबा कार्यक्रम में धूम मचा सकें। ट्रेनिंग सेशन के तीसरे दिन सोमवार को गुजरात का डाकला व टिटोड़ो, टुकड़ी, भवानी, सनेड़ो, टिमली आदि गरबा के स्टेप सीखे। नृत्य कला मंदिर रिसाली की डायरेक्टर रानी नंदनी व साई एरोबिक्स क्लासेस के मार्गदर्शन में हरीश किंग्स ऑफ गरबा के हरीश, नृत्य गुरु जानकी राव व तारिका सोनकर द्वारा गरबा के विभिन्न स्टेप्स सिखाएं गए। 5 अक्टूबर को ट्रेनिंग में आने वाले सभी प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले में शामिल होने के लिए बैच और पास दिया जाएंगे। इसलिए इस दिन ट्रेनिंग में आना जरूरी है।



### ये हैं सहयोगी

डांडिया महोत्सव सीजन 9 के एसोसिएट पार्टनर कमला मोटर्स गंजपारा दुर्ग, स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर, अन्नू ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर, श्री सज्या बुटिक आकाशगंगा, अतुल महाजन, संस्कार बुटिक सेक्टर 7, इनर व्हील क्लब भिलाई स्टील सिटी सदस्य अनामिका रमेश पटेल, अन्नू ब्यूटी सेलून प्रगति नगर रिसाली, लेटेस्ट कलेक्शन महाराजा चौक दुर्ग है।



हरिभूमि और आईएनएच द्वारा तीन दिवसीय गरबा महोत्सव

### ट्विनसिटी के लोगों में दिख रहा उत्साह



आज के ट्रेनिंग प्रोग्राम में लोगों का उत्साहवर्धन करने डॉ मानसी गुलाटी, पूर्णिमा राजू, चेंबर ऑफ कामर्स महिला विंग महामंत्री सुमन कन्नौजे, संस्कार बुटिक की संचालिका प्रभा गुप्ता, महिला पुलिस कांउसलर जया दुबे, समाजसेवी अनामिका रमेश पटेल, अन्नू ब्यूटी सेलून की संचालिका अनुपमा सोनी, रश्मि अग्रवाल, अवनी अग्रवाल प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों के साथ मिलकर भवानी गरबा का अभ्यास भी किया।नृत्य कला मंदिर रिसाली से बिट्टू, ऊषा, प्रियल, रूपल गुप्ता, आरके भीमा ने सभी प्रतिभागियों को ताल से ताल मिलाने में मदद की। सीजन 9 का ग्रैंड फिनाले 6 और 7 अक्टूबर को सेक्टर 8 स्टील क्लब में शाम 7 बजे से किया जायेगा। इस आयोजन से संबंधित जानकारी के लिए हरिभूमि कार्यालय 0788-4091720 और 9755819129 में संपर्क किया जा सकता है।

# सीईकेए ने समाज के प्रतिभावान को किया सम्मानित, अनुभव भी किए साझा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कुर्मी अधिकारियों और कर्मचारियों के संगठन सीईकेए ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें बीएसपी में वर्ष 2024 में गैर अधिकारी वर्ग से अधिकारी वर्ग में पदोन्नत होने वाले तथा उच्च पद में पदोन्नत होने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया। उनके लिए मानसून महोत्सव का आयोजन किया गया। अध्यक्ष कोमल धुरंधर द्वारा उपस्थित सदस्यों को स्वागत किया गया। उन्होंने संगठन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। महासचिव दुर्गेश बघेल ने वर्षभर के क्रियाकलापों की जानकारी दी। इसके बाद प्रश्नोत्तरी, अंताक्षरी तथा मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया, जिसका संचालन डॉ. शालिनी वर्मा तथा रीना देशमुख द्वारा किया गया। तदोपरान्त अधिकारी वर्ग में पदोन्नत होने वाले कनिष्ठ प्रबंधकों संगठन का सदस्य बनाकर, उनके पदोन्नत होने पर उनके जीवन संगनी संग उनका सम्मान किया गया। इसस अवसर पर ओए अध्यक्ष नरेंद्र बन्छोर को सम्मानित किया गया। उनके अलावा उपाध्यक्ष तुषार टिकरिहा, विजय देशमुख, दिवाकर सिरमौर सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष छगन लाल वर्मा, गिरीश मढ़रिया, तुषार टिकरिहा, शैलेश चंद्राकर, हिमांचल वर्मा, नोखेराम देशमुख, डीपी देशमुख, चंद्रप्रकाश नायक, शुभ्रा बन्छोर, अनिता धुरंधर, रौशनी वर्मा, चंद्रकांता बघेल, मिथिला वर्मा, जितेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित थे।



# झारखंड में होने वाली खो-खो स्पर्धा के लिए शिया, वैष्णवी, कुमकुम का चयन



**भिलाई।** खो-खो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में जिला सिमडेगा झारखंड में आयोजित 34वीं सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए दुर्ग की तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। नवहिंद खो-खो क्लब केलाबाड़ी दुर्ग के इन खिलाड़ियों में शिया चौहान, वैष्णवी गायकवाड़, कुमकुम यादव शामिल हैं। तीनों ही खिलाड़ी आदर्श कन्या स्कूल दुर्ग की छात्रा हैं। कोच भीखम निर्मलकर, मुख्य प्रशिक्षक राजेंद्र कुमार साहू एवं दिलीप इंगले के मार्गदर्शन में इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

तीनों खिलाड़ी केलाबाड़ी के

## अखिल भारतीय उड़िया समाज का नुआखाई मिलन समारोह

### कार्नर न्यूज



भिलाई। अखिल भारतीय उड़िया समाज का नुआखाई और पारिवारिक मिलन समारोह सामाजिक भवन खुर्सीपार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने की। विशिष्ट अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन थे। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि उड़िया समाज निरंतर प्रगति कर रहा है।

# उड़िया समाज निरंतर प्रगति कर रहा है इनकी मेहनत व ईमानदारी बेमिसालः बघेल



### पूर्व विस अध्यक्ष और विधायक सेन भी पहुंचे

इस समाज के लोगों की मेहनत और ईमानदारी बेमिसाल है। समाज की ओर से आए मांग को उन्होंने शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि उड़िया समाज में जागरूकता बढ़ी है। ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने में पश्चिम ओडिशा का अहम योगदान रहा है। आने वाले समय में उड़िया समाज भिलाई - दुर्ग में विशष्टि पहचान स्थापित करने में सफल होगा। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि उड़िया समाज से अनेक आइएएस और आइपीएस देश भर में हैं। भिलाई - दुर्ग के उड़िया समाज में भी सकारात्मक बदलाव आया है। समाज को एकजुट रहने की जरूरत है।

### 50 बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में राजनांदगांव से आए वेटलिफ्टर प्रियांशु सोनवानी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाज के प्रतिभावान बच्चों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देकर सबका मनमोहन लिया। करीब 50 बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाया। इस दौरान समाज में प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी, महासचिव टीके निहाल, कोषाध्यक्ष दीनबंधु तांडी, शिक्षाविद राजेंद्र नाग,अर्जुन बेहरा, संजय सोनवानी,रामचंद्र बेहरा, उपाध्यक्ष राम कुमार, दयानिधि विभार, दीपक सोना, आशीष नंदा, अर्जुन विभार, शंकर निहाल, राम कुमार, मनोज दीप, संगठन मंत्री रतन तांडी, दिलीप तांडी, हेतुराम, उमेश, सुभाष जगत, धर्मेंद्र सक्किा, जयंती महानंद, चितरू , आनंद विभार, जितेंद्र हरपाल,बलराम बाग, ज्योति कुमार, मालती विभार, साधना बेहरा,पद्मा तांडी, गोंदा मोगराज,रतनी, रमेश तांडी, दीपक कुमार, खुशबू कुमार, राजेश नाग,सुरेश बाग, राजू तांडी, किशोर मोगराज, शंकर कुमार, यशवंत समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी डीके साहू ने दी।



## सिटी इवेंट

# रैली निकालकर घर-घर नवरात्रि का दिया न्योता




**भिलाई।** परमेश्वरी मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर 3 अक्टूबर से प्रतिदिन शाम के समय जस गीत, भजन, भक्ति गीत संगीत एवं अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। शाम 7.30 बजे से परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में गरबा का आयोजन होगा। देवांगन जन कल्याण समिति ने रविवार को क्वांर नवरात्रि में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रण रैली निकाली। रैली में शामिल देवांगन समाज के लोगों ने बाजे-गाजे के साथ हाथों में झंडे लेकर माता परमेश्वरी की जयकारा लगाते हुए प्रगति नगर एवं आशीष नगर की गलियों में घर घर जाकर नवरात्रि का आमंत्रण पत्र दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, विनोद देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, टेसू राम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, दिनेश देवांगन, दयाराम देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, गोवर्धन देवांगन आदि उपस्थित थे।

- **परमेश्वरी भवन रिसाली में गरबा का होगा आयोजन**

## धर्म लाइव

# विद्युत नगर में शतचंडी यज्ञ और अनुष्ठान 3 अक्टूबर से



**दुर्ग।** आदित्य वाहिनी द्वारा विद्युत नगर में विधायक गजेंद्र यादव के निवास के करीब 3 से 11 अक्टूबर तक शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 9 से 12 बजे तक पूजन अभिषेक किया जाएगा। दोपहर साढ़े 3 बजे से शाम 6 बजे तक सहस्त्रार्चन संध्या आरती का आयोजन होगा। पं. रूपेंद्र शास्त्री सारे अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। आदित्य वाहिनी के नारायण शर्मा ने बताया कि शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती के आशीर्वाद और आदेश पर यह अनुष्ठान किया जा रहा है। अखंड भारत वैदिक हिंदू राष्ट्र की स्थापना के लिए एक अभियान गुरुदेव से छेड़ रखा है। इस अभियान के अंतर्गत माता की असीम कृपा प्राप्त करने यह आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर मां भगवती आराधना महोत्सव और शतचंडी अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा।

## जागरूकता

# गुमा हुआ मोबाइल लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय



**पाटन।** पाटन में गुमा हुआ मोबाइल लौटाकर एक फल विक्रेता प्रमोद दास ने ईमानदारी का परिचय दिया है। प्रमोद संत रामपाल के शिष्य हैं। प्रमोद दास की पाटन में फल की दुकान है। रास्ते में उसे एक मोबाइल पड़ा मिला था, जिसे उन्होंने उठाकर अपने पास रख लिया। कुछ समय बाद उस मोबाइल पर मोबाइल मालिक का का फोन आया। मोबाइल मालिक राजेश प्रजापति कोहका भिलाई का रहने वाला था। वह अपना मोबाइल लेने पाटन पहुंचा। राजेश प्रजापति चिंतित अवस्था में जब प्रमोद दास के पास पहुंचा, तो खोया हुआ मोबाइल देखकर उसकी खुशी हुई। मोबाइल उसे सही-सलामत वापस मिल गया। राजेश प्रजापति ने प्रमोद दास और संत रामपाल का आभार व्यक्त किया। प्रमोद दास ने कहा कि आज के दौर में ईमानदारी और नैतिकता को बढ़ावा देने के लिए संत रामपाल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जो स्वच्छ और सुंदर समाज के निर्माण के साथ मानवता के मूलभूत कर्तव्यों का पालन करने की सीख देते हैं। उनकी की सिखाई बातों का अनुसरण करते हुए प्रमोद ने यह पुनित कार्य किया।

## स्वच्छता पखवाड़ा

# स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता का दिया संदेश



**दुर्ग।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय द्वारा लगातार स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जागरुकता का संदेश दिया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सोमवार को स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की थीम पर रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णायक डॉ. आस्था सिजारिया एवं विभा शर्मा थीं। स्वच्छता प्रतियोगिता की निर्णायक आभा रानी गुप्ता एवं डॉ. नीतू सिंह थीं। प्रतियोगिताओं के विजेता को 2 अक्टूबर को पुरस्कृत किया जाएगा। समस्त कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी निशा साहू ने किया। दयानंद शिक्षा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता एवं उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है।

## अग्रसेन जयंती समारोह : सेक्टर-6 में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# मैं अयोध्या हूं... सतयुग से कलयुग तक का सुंदर चित्रण, राम के चरित्र को भी दर्शाया



**भिलाई।** अग्रसेन समाज सेक्टर-6 द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत चौहान इंपीरियल में मैं अयोध्या हूं... का शानदार रूपांतरण मुंबई के 40 कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसमें समाज के साथ अन्य समाज के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे। जिन्होंने उक्त रूपांतरण का शानदार प्रस्तुतिकरण किया। भगवान श्री राम का सतयुग से लेकर कलयुग का बहुत ही सुंदर चित्रण किया गया। रूपांतरण के बाद शानदार प्रसादी का आयोजन भी किया गया था। आयोजन में सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर और रिकेश सेन विशेष रूप से उपस्थित थे। अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में स्व. सेठ बालकृष्ण स्मृति वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 36 प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने शानदार विचार रखे। सभी उपरोक्त प्रतिभागियों प्रतिभागी छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्कूलों से आए थे, जिसमें व्यक्तिगत रूप में प्रथम स्थान राशि रामटेक,, द्वितीय स्थान तुषार अग्रवाल और तीसरा स्थान अदिति चंद्राकर प्राप्त किया। विपक्ष में प्रथम स्थान सिद्धि दूसरा स्थान केशव सोनी, तीसरा स्थान तीसरा स्थान खुशी ने प्राप्त किया। श्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार राशि रामटेक को दिया गया। स्कूल टीम की ट्रॉफी का पुरस्कार शंकर विद्यालय हुडको को प्रदान किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय था अग्नि वीर योजना देश के लिए देश के हित में है। कार्यक्रम में विजय गुप्ता, बंसी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मनीष शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश अग्रवाल ने किया। आयोजन अग्रसेन जन कल्याण समिति द्वारा किया गया।





### जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन




अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को विशाल रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अग्रसेन जनकल्याण समिति और लायंस क्लब भिलाई रायल के संयुक्त तत्वावधान में आज रक्तदान और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बीएसपी मेन हॉस्पिटल के ब्लड बैंक द्वारा इसमें 70 यूनिट रक्त जुटाई गई. स्वास्थ्य शिविर में हाईटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल, लाइफ केयर, रूंगटा डेंटल कालेज एवं मित्तल हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवाइयां दी गईं। 500 से अधिक लोगों ने शिविर का लाभ लिया। इससे पहले आयोजन के दूसरे दिन स्कूली बच्चों के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कोरबा, कवर्धा, बिलासपुर, राजनांदगांव और दुर्ग-भिलाई के 18 स्कूलों के 36 बच्चों ने हिस्सा लिया। आयोजित कार्यक्रम में लायंस क्लब भिलाई रायल के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी, जितेंद्र जैन, मुकेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, दिनेश लोहिया आदि मौजूद थे।

## कला मंदिर में हुआ रंगारंग आयोजन

# पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा... गाने में झूमे दिव्यांग, भावुक हुए दर्शक

**भिलाई।** सामाजिक संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से अंचल के दिव्यांग बच्चों को सांस्कृतिक मंच प्रदान करने 'अभिव्यक्ति की उड़ान' का वार्षिक आयोजन कला मंदिर सिविक सेंटर में किया गया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने लोक नृत्य, फिल्मी डांस और देशभक्ति गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। एकल प्रस्तुतियों में भी नृत्य-गायन-वादन से बच्चों ने समां बांध दिया। अपनी प्रस्तुतियों से इन बच्चों ने सामान्य बच्चों से कहीं अधिक कुशलता से प्रस्तुति देकर अतिथियों व दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। 'पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा', 'लकड़ी की काठी-काठी पे घोड़ा', 'ओम शांति ओम' और 'चप्पा-चप्पा चरखा चले' जैसे गीतों पर नाचते-गाते और झूमते इन बच्चों की प्रस्तुतियों को अतिथियों ने खूब सराहा। आयोजन में दुर्ग, भिलाई व धमतरी सहित अंचल की 12 विशेष स्कूलों के छात्र छात्राओं,शिक्षक एंव अभिभावकों ने अपनी भागीदारी दी। मुख्य अतिथियों के साथ विशेष तौर पर बीएसपी अधिकारी प्रसनजीत दास, बीके बेहरा, टीके कृष्ण कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, एच शेखर, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह ग्रेवाल, हितवाद के संपादक ईवी मुरली और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान उपस्थित थे। कार्यक्रम में सार्थक स्कूल (धमतरी),आकांक्षा स्कूल (रायपुर), अभिलाषा स्कूल (राजनांदगांव), मुस्कान स्कूल, प्रगति स्कूल, स्नेह संपदा स्कूल, ब्राइट स्कूल, गुरुकुल स्कूल, नयनदीप और मानवता स्कूल के बच्चे शामिल हुए।



### आईजी हुए भावुक, दो बच्चों की जिम्मेदारी ली



इन विशेष बच्चो की हौसला अफजाई के लिए अतिथियों में दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर, एफएसएनएल के महाप्रबंधक पंकज त्यागी, बीएसपी अधिकारी एमएल गदरे ने अपने विचार रखे। आईजी रामगोपाल गर्ग इन बच्चों की तारीफ करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को समुचित अवसर मिले तो ये किसी सामान्य बच्चे से भी आगे निकल सकते हैं। उन्होंने मंच से घोषणा की कि इनमें से अगर कोई सिविल सेवा में जाने का इच्छुक है तो ऐसे दो दिव्यांग बच्चों की पूरी जिम्मेदारी वह उठाएंगे।



## ग्रामीणों ने भी कराई जांच

# रमेश चंद्र फाउंडेशन ने लगाया मेडिकल कैंप



**दुर्ग।** श्री रमेश चंद्र फाउंडेशन के तत्वावधान में गुलाटी नर्सिंग होम में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह मेडिकल कैंप पूरी तरह से निशुल्क था। मेडिकल कैंप में नेत्र मेडिसिन विभाग, दंत विभाग, कान नाक गला, हड्डी रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, मधुमेह, रक्तचाप, किडनी तथा त्वचा संबंधी विशेषज्ञ उपलब्ध रहे। इस अवसर पर स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने इसकी संयोजिका डॉ. मानसी गुलाटी का स्वागत किया। चौबे ने कहा कि गुलाटी दंपती द्वारा समय-समय पर निशुल्क कैंप लगाना सभी को प्रेरणा देता है। आज के समय में इस तरह के आम जनता के लिए निशुल्क शिविर करना सभी के लिए फायदेमंद रहता है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ ले रहे है। इस अवसर में ग्राम कोपडीह, टेडेसरा, मगरलोटा, मुढ़ीपार, अंजोरा, पुलगांव, चंद्रखुरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी बड़ी संख्या में स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे।

### भिलाई विद्यालय में एनुमनी मीट 14 अक्टूबर को

**भिलाई।** भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 के बरसों पुराने विद्यार्थी 14 अक्टूबर को एक बार फिर मिलेंगे। 1961 से 1977 के ये स्टूडेंट एलुमनी मीट में पहुंच रहे हैं। बता दें कि इन छात्रों प्रायः बुजुर्ग हो चले हैं या फिर उनकी उम्र 45 पार हो चुकी है। इसे ध्यान रखते हुए यह मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान सारे लोग 50 वर्ष पुरानी यादें ताजा करेंगे। एलुमनी के अध्यक्ष नरेश खोसला और महासचिव रामसमुझ ने बताया कि मिलन समारोह सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। इस दौरान शिक्षकगण, खेलजगत में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभावान एवं स्कूल के प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों का सम्मान किया जाएगा। साथ साथ मनोरंजन और गीत संगीत का आनंद भी छात्रों द्वारा होता रहेगा। मिलन समारोह को भव्य और यादगार बनाने में संरक्षक अजय गुप्ता दिल्ली, नरेश ग्रोवर जबलपुर, गिरीश बंसल भिलाई, चेयरमैन नेतराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र नायडू, कोषाध्यक्ष इन्द्र दत्त मित्तल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। आयोजन में 150 से ज्यादा लोगों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही सभी से शामिल होने की अपील की गई है।

## नगर निगम भिलाई का स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़ा का आयोजन

# स्वच्छता पर बच्चों ने बनाई ड्राइंग, लिखे निबंध की हुई तारीफ, होंगे सम्मानित



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जोन 4 स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्वच्छता पर ड्राइंग, निबंध, नुक्कड़ नाटक, लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुनकुरी रोहित साय थे। बता दें कि वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भाई थे। उनके द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के तैल्य चित्र एवं महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, उसके बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। साय ने बच्चों द्वारा बनाई जा रही स्वच्छता के उपर ड्राइंग को देखा। बच्चों से उत्सुकता भरे प्रश्न भी किए। साय ने बच्चों से पूछा कि आप यह ड्राइंग जो बना रहे हो, इसके पीछे क्या उद्देश्य है।



### आयोजन में स्कूली बच्चों को पालक भी हुए शामिल

कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद एवं शाला अध्यक्ष श्यामसुंदर राव, जोन आयुक्त सतीश यादव, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत माझी, राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, शाला के प्रिंसिपल, बच्चों के माता-पिता एवं बहुत सारे बच्चे जोश-खरोश के साथ कार्यक्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर स्वच्छता ही सेवा पर श्री साय द्वारा सबको शपथ दिलाई गई। साथ ही राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बच्चों ने बड़े ही सहज भाव से जवाब दिया, हमारा भारत स्वच्छ बने इसमें हम सब की भागीदारी सुनिश्चित हो। हम सब की भागीदारी किस प्रकार से होगी, उसको हम अपने ड्राइंग के माध्यम से बता रहे हैं। निबंध के माध्यम से स्वच्छता के प्रति प्रत्येक व्यक्ति के जवाबदेही का एक बेहतर चित्रण प्रस्तुत किया गया। शिव तांडव के माध्यम से भी बच्चो ने स्वच्छता को रेखांकित किया।

### साय ने कार्यक्रम की प्रशंसा की, स्वच्छता का संकल्प दोहराया

साय ने कहा कि हर एक कार्यक्रम मन को मुग्ध करने वाला एक से बढ़कर एक था। अंत में नशा नास का जड़ है, जो पूरे समाज को खोखला करते जा रहा है। इस पर सुनाई गई कविता सबके दिल को छू लिया। साय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा हर एक व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर दिया। जिस स्वच्छता को हम सब सामान्य समझते थे, वह सबके लिए विशेष हो गया है। हर व्यक्ति इसमें शामिल है। मान. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का स्वरूप यही है कि हमर छत्तीसगढ़ साफ-सथरा एवं हरा भरा बने। जिसमें गांव से शहर तक हर व्यक्ति की अपनी भागीदारी सुनिश्चित हो।



विविध

# दुर्गा पूजा के लिए पहनें लाल और सफेद डिजाइन वाली साड़ियां



फेस्टिव सीजन में अक्सर महिलाएं साड़ी पहनकर उनको अपने तरीके से स्टाइल करती हैं। वहीं दुर्गा पूजा के लिए महिलाएं बंगाली साड़ी भी पहनती हैं लेकिन क्या आप जानती हैं कि अगर बंगाली साड़ी को सही तरीके के साथ स्टाइल नहीं किया गया तो ये आपका लुक बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कि आप किस तरह से बंगाली साड़ी को ड्रेप कर सकती हैं और बिना कंफ्यूज हुए कैसे इसे स्टाइल कर सकती हैं।

## इस तरह से करें ड्रेपिंग

अगर आप पहली बार बंगाली साड़ी पहन रहीं हैं तो आप इसे कुछ इस तरह से ड्रेप करें। ऐसा इसलिए क्योंकि ये ड्रेपिंग बंगाली स्टाइल को दर्शाती है। वहां रहने वाली लगभग सभी महिलाएं कुछ इस तरह से ही साड़ी को ड्रेप करती हैं। अगर आप सिंपल स्टाइल से ही ड्रेप करना चाहती हैं तो वो भी कर सकती हैं। ध्यान रहे कि आप लाल रंग के बॉर्डर वर्क वाली सफेद साड़ी ही खरीदे ताकि आपका लुक पूरी तरह से मैच हो पाएं।

## इस तरह का चुनें मेकअप

मेकअप के लिए आप स्मोकी आई मेकअप को चुन सकती हैं। स्मोकी आई मेकअप के साथ लिप कलर के लिए न्यूड कलर को ही चुनें। आप चाहे तो आई मेकअप को न्यूड चुन सकती हैं और लिपस्टिक कलर के लिए बोल्ड रेड कलर को चुन सकती हैं। लुक को कंप्लीट करने के लिए आप बड़े साइज वाली बिंदी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ध्यान रहे कि आप कलर का चुनाव अपनी स्किन टोनको ध्यान में रख कर ही करें ताकि आपका लुक बेहद खिलकर दिखाई देने लगे।

## इस तरह की चुनें ज्वेलरी गोल्डन कलर बेहतर

अगर आप लाल रंग के बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहन रही हैं तो आप ज्वेलरी के लिए गोल्डन कलर के वर्क में ही कुछ चुनें। इस तरह की साड़ी के साथ आप गोल्ड वर्क वाला चोकर तथा रानी हार चुन सकती हैं। साथ ही चूड़ियां भी गोल्डन कलर या लाल रंग में चुन सकती हैं। इयररिंग्स के लिए झुमकी स्टाइल में ही कुछ चुनें ताकि आपका लुक पहनी हुई साड़ी को बेहद खूबसूरती के साथ कॉम्प्लीमेंट करें।

# सभी भारतीय महिलाओं को अपनाने चाहिए ये फैशन टिप्स रोज दिखेंगी सुंदर और आकर्षक



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर महिला चाहती है कि वह कम से कम समय में सुंदर और स्टाइलिश दिखे। मिनिमलिस्ट फैशन का मतलब है, कम कपड़ों और गहनों के साथ भी बेहतरीन लुक पाना। यह न केवल समय बचाता है, बल्कि आपको आरामदायक भी महसूस कराता है। आइए जानते हैं कुछ आसान और प्रभावी मिनिमलिस्ट फैशन टिप्स, जो आपके रोजमर्रा के फैशन को अधिक आकर्षक और खास बना सकते हैं इन्हें अपनाकर आप बेहद खूबसूरत दिखाई देंगी।

## खूबसूरत कुर्तियों का करें चुनाव

हर महिला की अलमारी में कुछ आरामदायक और आकर्षक कुर्तियां जरूर होनी चाहिए। ये कुर्तियां न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि इन्हें किसी भी अवसर पर पहना जा सकता है। सूती या खादी की कुर्तियां गर्मियों में ठंडक देती हैं और सर्दियों में स्वेटर या जैकेट के साथ पहनी जा सकती हैं। सफेद, काले, नीले जैसे रंगों की लंबी कुर्तियां हमेशा चलन में रहती हैं और इन्हें आसानी से किसी भी कपड़े के साथ स्टाइल किया जा सकता है।

## प्लेन सलवार-कमीज भी दिखेगी आकर्षक

प्लेन सलवार-कमीज एक ऐसा विकल्प है, जो कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होता। इसे आप किसी भी मौके पर पहन सकती हैं, चाहे वह ऑफिस जाना हो या किसी समारोह में शामिल होना हो। प्लेन सलवार-कमीज को आप दुपट्टे या स्टोल के साथ स्टाइल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक खास लगेगा। इसके अलावा, सलवार-कमीज आरामदायक होती हैं और इन्हें आसानी से धोया जा सकता है, जिससे यह रोजमर्रा के उपयोग के लिए बेहतरीन विकल्प बन जाती हैं।


## सरल तरीके से पहनें साड़ी

साड़ी भारतीय महिलाओं का पारंपरिक परिधान है। इसे पहनने के तरीके को बदलकर आप इसे मिनिमलिस्ट फैशन का हिस्सा बना सकती हैं। सूती या लिनन जैसे कपड़ों की हल्के वजन वाली साड़ियां रोजमर्रा के उपयोग के लिए बेहतरीन होती हैं। इन्हें बिना ज्यादा गहनों के साथ पहनकर आप एक साधारण लेकिन आकर्षक लुक पा सकती हैं। इसके अलावा, हल्की साड़ियां आरामदायक होती हैं और इन्हें संभालना भी आसान होता है, जिससे आपका दिनभर का कामकाज भी प्रभावित नहीं होगा।

मस्तिष्क के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए आप स्वस्थ डाइट ले सकते हैं

# इन चीजों का सेवन आज से ही करें बंद कमजोर हो सकती है आपकी याददाश्त

हमारा दिमाग हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, जो बाकी अंगों के ठीक तरह से काम करने के लिए जिम्मेदार होता है। दिमाग ही हमें चीजों को याद रखने में सक्षम बनाता है। मस्तिष्क के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए आप स्वस्थ डाइट ले सकते हैं और आरामदायक गतिविधियां कर सकते हैं। इसके अलावा, आपको कुछ नुकसानदेह खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर देना चाहिए। इन खाद्य पदार्थों के सेवन से आपकी याददाश्त कमजोर हो सकती है।



## अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ

अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ ऐसे खानों की श्रेणी है, जो अत्यधिक प्रोसेसिंग से गुजरे हैं। इन्हें इनकी प्राकृतिक अवस्था से इस हद तक बदल दिया जाता है कि ये अपने मूल पोषण तत्व खो देते हैं। इनमें आइसक्रीम, ब्रेड, बिस्कुट और पैकेट वाले सूप आदि शामिल हैं। इन खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन से मस्तिष्क का स्वास्थ्य प्रधवित हो सकता है और आपकी संज्ञानातनक शक्ति घट सकती है।



## अधिक वसा वाला भोजन

अधिक वसा वाला भोजन हमारे दिमाग के स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। प्राकृतिक खाद्य पदार्थों से मिलने वाली वसा नुकसानदेह नहीं होती है, लेकिन औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस वसा शरीर के लिए हानिकारक होती है। कुछ अध्ययनों से उजागर हुआ है कि जब लोग अधिक मात्रा में ट्रांस वसा का सेवन करते हैं, तो उनमें अल्जाइमर रोग का खतरा बढ़ जाता है और उनकी याददाश्त कमजोर हो जाती है।



## चीनी से भरपूर पेय

हम सभी शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए कोल्ड ड्रिंक, सोडा या फलों के जूस का सेवन करते हैं। हालांकि, इन पेय पदार्थों में भरपूर मात्रा में चीनी इस्तेमाल होती है। चीनी युक्त पेय पदार्थों के सेवन से न सिर्फ मधुमेह और हृदय रोग का खतरा बढ़ता है, बल्कि याददाश्त भी कमजोर हो जाती है। अध्ययनों से पता चला है कि इन पेय के सेवन से मस्तिष्क में इंसुलिन प्रतिरोध होता है, जो मस्तिष्क के कार्य को प्रभावित करता है।

## शराब

सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 10-75 वर्ष की आयु की 14.6 प्रतिशत आबादी शराब का सेवन करती है। यह एक बेहद खतरनाक नशीला पेय है, जो आपको दिमागी रूप से बीमार कर सकता है। अधिक मात्रा में या नियमित रूप से शराब पीने से मस्तिष्क विकार होने का खतरा रहता है। इसके परिणामस्वरूप आपकी याददाश्त कमजोर हो सकती है और चीजों को याद रखने में कठिनाई हो सकती है।

# पितों का आशीर्वाद पाने श्राद्ध पक्ष में निकालें पंचबली, जानिए महत्व, विधि और लाभ

हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। आपको बता दें कि हर साल 15 दिनों के लिए श्राद्ध पक्ष आता है। साथ ही यह शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से शुरू होते हैं और आश्विन मास की अमावस्या तक चलते हैं। जो इस साल 18 सितंबर से आरंभ हो गए हैं और यह आज 2 अक्टूबर तक चलेंगे। वहीं 2 अक्टूबर को सर्व पितृ अमावस्या है। साथ ही आपको बता दें कि इस 15 दिनों की अवधि में लोग अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद कर उनके निमित्त श्राद्ध कर्म करते है। मतलब जिस तिथि को पितर स्वर्गलोक गए थे, उस तिथि को ही ब्राह्मण भोज कराया जाता है। साथ ही दान- दक्षिणा दी जाती है।

## पितृ पक्ष पंचबली का विशेष महत्व

वहीं पितृ पक्ष में पंच ग्रास (पंचबली) का विशेष महत्व है। मतलब पंचबली में ब्राह्मण भोज के अलावा गाय, कुत्ता, कौआ और चीटियों आदि को श्राद्ध का भोजन निकालने का विधान है। मान्यता है कि पंचबली के भोजन से पितर प्रसन्न होते हैं। साथ ही उनकी आत्मा तृप्त होती है। वहीं वह अगर कोई कष्ट झेल रहे होते हैं, तो तर्पण श्राद्ध करने से उनको कष्टों से मुक्ति मिलती है। वहीं अगर पंचबली नहीं दी जाए तो पितृ नाराज हो जाते हैं।

## पंचबली निकालने की विधि और महत्व

श्राद्ध पक्ष में पंचग्रास के माध्यम से 5 विशेष प्रकार के जीवों को श्राद्ध का बना भोजन निकालने का विधान है। आपको बता दें कि पंचबली के लिए सबसे पहला ग्रास या भोजन गाय के लिए निकाला जाता है, जिसे शास्त्रों में गो बलि का नाम दिया गया है। इसके बाद दूसरा ग्रास कुत्ते को निकालना चाहिए, जिसको श्वान बलि कहते हैं, फिर तीसरा ग्रास कौआ, जिसे काक बलि का नाम दिया गया है। वहीं चौथा ग्रास देव बलि होता है, जिसे जल में प्रवाहित कर दें या फिर गाय को दे दें। वहीं अंतिम पांचवा ग्रास चीटियों के लिए सुनसान जगह पर रख देना चाहिए, जिसे पिपीलिकादि बलि का नाम दिया गया है। वहीं इसके बाद ही ब्राह्मणों को भोजन भी कराने का नियम। वहीं इसके बाद ही



श्राद्ध का कार्य संपन्न हुआ है ऐसा माना जाता है।

## पंचबली से प्रसन्न होते हैं पितृ

पंचबली निकालने से पितृ प्रसन्न होते हैं और उनकी आत्मा तृप्त होती हैं और वह प्रसन्न होते हैं। साथ ही वह सुख- समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। साथ ही जिन लोगों की जन्मकुंडली में पितृदोष है, उन लोगों को पंचबली जरूर निकालनी चाहिए। ऐसा करने से पितृ दोष के अशुभ प्रभाव में कमी आती है।


# तीन अक्टूबर से शनि देव करेंगे राहु के नक्षत्र में प्रवेश, चमक सकती है इन राशियों की किस्मत



वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह समय- समय पर राशि के साथ नक्षत्र परिवर्तन करते हैं, जिसका प्रभाव मानव जीवन और देश- दुनिया पर सीधेतौर पर पड़ता है। आपको बता दें कि आपको बता दें कि शनि देव 3 अक्टूबर को शतभिषा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, जिस पर राहु देव का आधिपत्य है। ज्योतिष अनुसार राहु और शनि देव में मित्रता का भाव है। ऐसे में राहु के नक्षत्र में शनि देव के गोचर से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इन राशियों धन-दौलत में अपार बढ़ोतरी हो सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**कुंभ राशि** : आप लोगों के लिए शनि ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन लाभप्रद सिद्ध हो सकता है क्योंकि शनि देव आपकी राशि से लग्न भाव पर संचरण कर रहे हैं। वहीं इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। व्यापार में सफलता मिलेगी। शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। बेरोजगार लोगों को नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं। साथ ही आपको पार्टनरशिप के काम में लाभ हो सकता है।

**वृष राशि** : शनि देव का नक्षत्र परिवर्तन वृष राशि के जातकों को शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है क्योंकि शनि देव आपकी राशि से कर्म भाव पर विचरण कर रहे हैं। काम-कारोबार में तरक्की मिल सकती है। कारोबार में आपकी कोई बड़ी डील मिलेगी। साथ ही आपको कोई बड़ा निवेशक भी मिल सकता है। वहीं इस समय जॉब की तलाश लोगों को नौकरी मिल सकती है। वहीं इस दौरान नौकरीपेशा लोगो की पदोन्नति हो सकती है।



# बच्चों के लिए दोस्ती होती है जरूरी, उन्हें पढ़कर सुनाएं दोस्ती पर आधारित ये किताबें

बच्चों को कहानियों के जरिए समझाया जा सकता है दोस्ती का महत्त्व

बच्चों की कहानियों में दोस्ती की अहमियत को जरूर दिखाया जाता है। ये कहानियां न केवल बच्चों का मनोरंजन करती हैं, बल्कि उन्हें सच्ची मित्रता के मूल्य भी सिखाती हैं। दोस्ती के माध्यम से बच्चे सहयोग, समर्थन और समझदारी जैसे गुण सीखते हैं। आज हम आपको हिंदी में लिखी गई कुछ ऐसी किताबों के बारे में बताएंगे, जो बच्चों को दोस्ती का सही मतलब समझाने में मदद करेंगी और उन्हें जीवन के अहम सबक देंगी।

## दोस्ती का अनमोल रत्न- सुधा मूर्ति

सुधा मूर्ति की 'दोस्ती का अनमोल रत्न' राजू और मोहन नाम के 2 दोस्तों की कहानी है, जो एक छोटे से गांव में रहते हैं। दोनों हमेशा साथ खेलते और पढ़ते हैं। एक दिन राजू को पता चलता है कि मोहन के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वह अपने माता-पिता से बात करके मोहन की मदद करने का फैसला करता है। यह कहानी बच्चों को सिखाती है कि सच्चे दोस्त हमेशा एक-दूसरे की मदद करते हैं।

## गुल्लक और गुड्डू- प्रेमचंद

प्रेमचंद द्वारा लिखित 'गुल्लक और गुड्डू' गुल्लक नामक एक छोटे लड़के और उसके पालतू कुत्ते गुड्डू की कहानी है। गुल्लक और गुड्डू हर समय साथ रहते हैं और उनकी दोस्ती बहुत गहरी होती है। एक दिन गुल्लक खो जाता है और गुड्डू उसे ढूंढने निकल पड़ता है। गुड्डू की वफादारी और मेहनत से गुल्लक मिल जाता है। इस कहानी से बच्चे जानवरों के प्रति प्रेम, वफादारी और सच्ची मित्रता का महत्व सीख सकते हैं।



## नन्हें मुन्ने के दोस्त- रस्किन बॉन्ड

रस्किन बॉन्ड द्वारा लिखित इस कहानी में नन्हें मुन्ने नामक बच्चा अपने नए स्कूल में कोई भी दोस्त नहीं बना पाता। वह अकेला और उदास महसूस करता है, लेकिन धीरे-धीरे वह अपनी कक्षा के सबसे शर्मीले बच्चे से मित्रता कर लेता है। उनकी दोस्ती गहरी होती जाती है और वे एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। यह कहानी बताती है कि कभी-कभी सबसे अच्छे दोस्त वहीं मिलते हैं, जहां हम उम्मीद नहीं करते।

## प्यारे दोस्तों का सफर- विभा शर्मा

विभा शर्मा द्वारा लिखित इस किताब में 4 दोस्तों की यात्रा का वर्णन किया गया है, जो गर्मियों की छुट्टियों में पहाड़ों पर जाते हैं। वहां वे कई रोमांचकारी अनुभव करते हैं, जैसे जंगल में कैंपिंग और नदी पार करना। इन अनुभवों से उनकी मित्रता और भी मजबूत होती जाती है। यह किताब बच्चों को टीमवर्क, सहयोग और एक-दूसरे पर भरोसा करना सिखाती है और दोस्ती का असली मतलब समझने में भी मदद करती है।

## दोस्तों का जादुई बगीचा- अनुपमा राय

अनुपमा राय द्वारा लिखित इस किताब में रीना, मीना और टीना नाम की 3 दोस्तों की कहानी बताई गई है। वे एक जादुई बगीचे में प्रवेश करती हैं, जहां हर पौधा बोल सकता है। वहां वे कई चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी मित्रता को मजबूत बनाती हैं। यह किताब बच्चों को कल्पनाशीलता, साहसिक कार्यों और सच्ची दोस्ती की अहमियत सिखाती है। बच्चों को यह कहानी मनोरंजन के साथ-साथ जीवनभर याद रखने वाले सबक भी देती है।

कार्नर न्यूज

करियर में तरक्की के साथ मान- प्रतिष्ठा की प्राप्ति के योग

# 12 साल बाद नवरात्रि में गुरु हो रहे वक्री इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम

वैदिक ज्योतिष अनुसार देवताओं के गुरु बृहस्पति नवरात्रि में उल्टी चाल चलने जा रहे हैं। मतलब गुरु ग्रह 9 अक्टूबर को वृषभ राशि में वक्री होंगे। वहीं वह अगले साल 4 फरवरी तक वक्री अवस्था में विराजमान रहेंगे। साथ ही उसके बाद मार्गी हो जाएंगे। गुरु के वक्री चाल का प्रभाव सभी राशियों के जातकों पर पड़ेगा लेकिन 3 राशियां ऐसी हैं, जिनकी इस समय किस्मत चमक सकती है। साथ ही इन राशियों को नई नौकरी मान- सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

## वृष राशि

आप लोगों के लिए गुरु ग्रह का वक्री होना लाभकारी साबित हो सकता है क्योंकि गुरु ग्रह आपकी राशि से लग्न भाव पर वक्री होने जा रहे हैं। इसलिए इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आर्थिक रूप से भी यह अवधि आपके लिए अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा। करियर में भी आपके लिए प्रमोशन के योग बन रहे हैं। वहीं इस दौरान आपके बड़े-बड़े लोगों के साथ संबंध बन सकते हैं। जिससे आपको भविष्य में लाभ होगा। वहीं व्यापारियों को धन लाभ होगा और आपकी सुख समृद्धि में भी वृद्धि होगी। अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव आ सकता है।




**मेष राशि** : गुरु ग्रह का वक्री होना मेष राशि के जातकों को शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है।क्योंकि गुरु ग्रह आपकी राशि से धन और वाणी स्थान पर वक्री होने जा रहे हैं। इस दौरान आपको आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। सुख-समृद्धि में भी वृद्धि हो सकती है। आपको नौकरी का नया प्रस्ताव मिल सकता है। आपको भविष्य में लाभ हो सकता है।

## धनु राशि

आप लोगों के लिए गुरु ग्रह का वक्री होना लाभप्रद साबित हो सकता है क्योंकि गुरु ग्रह आपकी राशि से छठे स्थान पर वक्री होने जा रहे हैं। इसलिए आपको कोर्ट- कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। साथ ही धनु राशि वाले नया भवन या वाहन खरीद सकते हैं। विवाह के योग हैं। नौकरी और व्यापार में उन्नति का समय है। शत्रुओं पर विजय पाने में सफल होंगे। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। वहीं इस दौरान आप धन की सेविंग करने में सफल होंगे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अरबों के मालिक हैं कोल्डप्ले बैंड के मेंबर्स



**लॉस एंजिल्स।** कोल्डप्ले ने दुनियाभर में अपने गानों से धूम मचाई हुई है। जल्द ही ये बैंड इंडिया में भी कॉन्सर्ट करने वाला है। यह बैंड 28 साल पहले शुरू हुआ था, जिसके बाद से इसने कई सारे एल्बम बनाए हैं। बैंड में 5 मेंबर हैं। जिसमें लीड वोकलिस्ट क्रिस मार्टिन, गिटारिस्ट जॉनी बकलैंड, बेसिस्ट गाय बेरीमैन और ड्रमर विल चैंपियन हैं। इस ग्रुप का पांचवे मेंबर फिल हार्वी हैं, जो कि इस ग्रुप के मैनेजर हैं। इनके पास अरबों रुपए की संपत्ति है। फिल हार्वे की कुल वर्थ लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 4 सौ करोड़ से ज्यादा है। विल चैंपियन के पास लगभग 100 मिलियन डॉलर यानी 8 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की कुल संपत्ति है। जॉनी की नेटवर्थ देखें तो, वो लगभग 100 मिलियन डॉलर यानी 8 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा के मालिक हैं। गाय बेरीमैन के पास कुल लगभग 100 मिलियन डॉलर यानी 8 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। क्रिस मार्टिन को शोबीज में सबसे पसंदीदा मेंबर भी कहा जाता है। क्रिस मार्टिन की नेटवर्थ लगभग 160 मिलियन डॉलर यानी 13 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा है।

### टॉलीवुड

## जूनियर एनटीआर की 'देवरा' ने की संडे को छप्परफाड़ कमाई



मुंबई। जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर स्टारर 'देवरा पार्ट 1' ने शुक्रवार, 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी है। एक्शन ड्रामा इस साल की मोस्ट अवेटेड रिलीज में से एक थी। दरअसल, इस फिल्म से जूनियर एनटीआर ने 6 साल बाद स्क्रीन पर कमबैक किया है, ऐसे में फैंस 'देवरा पार्ट1' को लेकर बेहद एक्साइटेड थे। फिल्म ने बंपर ओपनिंग की, लेकिन दूसरे ही दिन फिल्म की कमाई में काफी गिरावट देखी गई। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 82.5 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन 'देवरा पार्ट1' ने 38.2 करोड़ का कारोबार किया। 'देवरा पार्ट1' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 40.3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसमें फिल्म ने तेलुगु में 27.65 करोड़, हिंदी में 11 करोड़, कन्नड़ में 35 लाख, तमिल में 1.05 करोड़ और मलयालम में 25 लाख का कलेक्शन किया है। एक्शन ड्रामा में जूनियर एनटीआर पिता और बेटे के डबल रोल में है। फिल्म में जाह्नवी कपूर थंगम की भूमिका निभाई है। वहीं सैफ अली खान ने भी इस फिल्म में टॉलीवुड में डेब्यू किया है और वे 'देवरा पार्ट1' में विलेन भैरा के रोल में हैं। बता दें कि इस फिलम का निर्देशन कोराटाला शिवा ने किया है।

### भोजपुरी


## बॉलीवुड में नहीं चली किस्मत लेकिन भोजपुरी का बना सुपरस्टार




**मुंबई।** फिल्म इंडस्ट्री में सफलता मिलना आसान बात नहीं है। तमाम अभिनेताओं ने खूब संघर्ष करने के बाद फिल्मों अपनी पहचान बनाई है। आज हम आपको यहां ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताएंगे जिन्हें मिथुन चक्रवर्ती का डुप्लीकेट कहा जाता था और उन्होंने बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाई, लेकिन असफल रहे। बाद में वह भोजपुरी सिनेमा में छा गए थे। हम जिस अभिनेता की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं रवि किशन शुक्ला हैं। रवि किशन आज एक फेमस अभिनेता होने के साथ ही पॉलिटिशियन, फिल्म मेकर और टीवी पर्सनैलिटी हैं। हालांकि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। बता दें कि रजत शर्मा के शो आप की अदालत में रवि किशन ने एक बार खुलासा किया था कि वह हनुमान मंदिर से सिक्के चुराते थे। रवि के पिता की दूध डेयरी थी और वह वहां से पैसे भी चुराते थे। इसी इंटरव्यू के दौरान रवि ने ये भी बताया था कि उनके पिता उन्हें बहुत मारते थे और एक दिन उनके पापा उनसे बहुत नाराज हो गए थे। रवि की मां ने उन्हें उनके पिता के गुस्से से बचाया और उन्हें 500 रुपए देकर मुंबई भाग जाने के लिए कहा था। जब रवि ने बॉलीवुड में शुरुआत की थी तो उन्हें गरीबों का मिथुन चक्रवर्ती कहा जाता था।

## कृति शेट्टी की ये साड़ियां हैं त्योहारों के लिए बेस्ट

लाइफ स्टाइल







त्यौहारों का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में अगर आप अपने लिए परफेक्ट साड़ी की तलाश में हैं तो ब्यूटीफुल एक्ट्रेसेज कृति शेट्टी की इन साड़ियों से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। ये सभी साड़ियां एकदम लेटेस्ट डिजाइन की हैं जो आपको इस फेस्टिव सीजन सबसे स्टाइलिश लुक देंगी। रॉयल लुक के लिए बेस्ट है सिल्क साड़ी। शिमरी रेड साड़ी। नेट की साड़ी। ब्यूटीफुल लुक देगी सिल्क साड़ी। लहरिया प्रिंट साड़ी। रॉयल ब्लू साड़ी देगी रॉयल लुक। ऑफ व्हाइट साड़ी। ऑफ व्हाइट कलर की साड़ियां फेस्टिवल्स पर पहनने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हैं। आप कीर्ति की तरह ही मिनिमल थ्रेड वर्क वाली साड़ी ट्राई कर सकती हैं।

# फ्रिज में स्किन केयर प्रोडक्ट रखते समय रखें इन बातों का ख्याल

जी हां, आज के समय में लोग अपने कुछ स्किन केयर व मेकअप प्रोडक्ट्स को फ्रिज में जरूर रखते हैं। ऐसा माना जाता है कि स्किनकेयर प्रोडक्ट्स को भी ठंडे वातावरण से लाभ हो सकता है। कुछ स्किनकेयर आइटम को रेफ्रिजरेटर में स्टोर करना एक ब्यूटी ट्रेंड है। आप अपनी क्रीम से लेकर सीरम और मास्क को फ्रिज में रख सकते हैं, इससे उनकी प्रभावशीलता बढ़ सकती है। यह उनकी शेल्फ लाइफ को भी बढ़ाता है। यहां पर आपको यह भी समझने की जरूरत है कि हर स्किन केयर प्रोडक्ट को फ्रिज में नहीं रखा जाना चाहिए। फ्रिज के ठंडा तापमान की वजह से उनकी प्रभावशीलता कम हो सकती है या फिर उन्हें नुकसान भी हो सकता है। आपको यह जानना जरूरी है कि फ्रिज में स्किन केयर प्रोडक्ट्स किस तरह रखने चाहिए।

**हर स्किन केयर प्रोडक्ट फ्रिज में न रखें:** फ्रिज में स्किन केयर प्रोडक्ट्स रखना अच्छा माना जाता है लेकिन हर प्रोडक्ट को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। मसलन, आप आई क्रीम से लेक शीट मास्क, फेस मिस्ट, विटामिन सी सीरम और एलोवेरा जेल जैसे प्रोडक्ट्स को फ्रिरज में रख सकते हैं। इससे उन्हें फायदा मिलता है और स्किन की सूजन कम करने में मदद मिल सकती है। वहीं, आपको फेस ऑयल जैसे ऑयल बेस्ड प्रोडक्ट, क्ले मास्क और रेटिनॉल आदि को फ्रिज में रखने से बचना चाहिए।

**एयरटाइट हो कंटेनर:** जब भी आप स्किन केयर प्रोडक्ट को फ्रिज में रखें तो यह अवश्य सुनिश्चित करें कि आप उसे हमेशा एयर टाइट कंटेनर में ही स्टोर करें। अगर आप इस टिप को इग्नोर करते हैं तो ऐसे में नमी और फ्रिज की गंध से फ़ॉर्मूला प्रभावित हो जाता है। जार, पंप या ट्यूब जो एयर-टाइट हैं, उसमें आप स्किन केयर प्रोडक्ट रखकर आसानी से स्टोर कर सकते हैं।



### फ्रीजर में ना रखें, हो सकते हैं क्रिस्टलीकृत

कई बार लोग स्किन केयर प्रोडक्ट को फ्रिज की जगह फ्रीजर में स्टोर करते हैं। हालांकि, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। फ्रीजर का तापमान प्रोडक्ट्स के एक्टिव इंग्रीडिएंट को नुकसान पहुंचा सकता है। इतना ही नहीं, इससे आपकी फेवरिट क्रीम या जैल का टेक्सचर बदल सकता है। खासतौर से, वाटर बेस्ड स्किन केयर प्रोडक्ट्स को कभी भी फ्रीजर में नहीं रखना चाहिए। ये अलग हो सकते हैं या क्रिस्टलीकृत हो सकते हैं।

## बेसिक जींस और टी-शर्ट में भी मिल सकता है कमाल का लुक



फैशन

अमूमन हम सभी खुद को स्टाइलिश दिखाने के लिए तरह-तरह के फैन्सी आउटफिट पहनने की कोशिश करते हैं लेकिन स्टाइलिश और डिजाइनर आउटफिट काफी महंगे होते हैं और इन्हें हर जगह पहना भी नहीं जा सकता है। इसलिए, अगर आप डेली रूटीन में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो ऐसे में आपको अपने डेलीवियर में अपने स्टाइलिंग गेम को अप करने की जरूरत है। मसलन, डेली वियर में हम सभी बेसिक जींस और टी-शर्ट पहनना काफी पसंद करते हैं लेकिन इसमें आपका लुक बेहद ही केजुअल लगता है। हालांकि, अगर आप चाहें तो अपने इस केजुअल लुक को भी बेहद स्टाइलिश बना सकती हैं। बस आपको छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही, आपको कुछ चीजों को अपने लुक में शामिल करना चाहिए, जिससे आपका लुक काफी स्टनिंग दिखे। कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स हैं, जिन्हें अपनाकर आप सिंपल जींस-टीशर्ट में भी काफी स्टाइलिश लग सकती हैं-

### फिटिंग का रखें ध्यान

भले ही आप केजुअल जींस-टीशर्ट पहन रही हैं, लेकिन अगर आप इसमें भी अपने स्टाइल व फिटिंग का ध्यान रखती हैं तो इससे आपका ओवर ऑल लुक चेंज हो सकता है। मसलन, अगर आप हाई-वेस्ट जींस पहनती हैं तो इससे आपके पैर अधिक स्लिम व लंबे नजर आ सकते हैं। वहीं, स्किनी या स्ट्रेट-लेग जींस एक डेफ़िनेशन जोड़ती है। जींस की तरह ही आप यह भी सुनिश्चित करें कि आपकी टी-शर्ट बहुत ज़्यादा बैगी या बहुत ज़्यादा टाइट न हो।



### एक्सेसरीज़ पर दें ध्यान, सोच-समझकर चुनें

जब आप जींस-टीशर्ट पहन रही हैं तो ऐसे में आप एक्सेसरीज को भी सोच-समझकर चुनें। एक्सेसरीज आपका ओवर ऑल लुक चेंज कर सकती है। आप चाहें तो हूप या स्टड इयररिंग पहनना या ब्रेसलेट को स्टैक करके भी अपने लुक को स्पाइस अप कर सकती हैं। अगर आप कहीं बाहर घूमने के लिए जा रही हैं तो जींस-टीशर्ट के साथ एक स्टाइलिश घड़ी या ट्रेंडी सनग्लासेस भी पहन सकती हैं।

### फुटवियर पर करें फोकस

जींस-टीशर्ट के साथ आपको अपने लुक को ध्यान में रखते हुए फुटवियर का चयन करना चाहिए। मसलन, अगर आप केजुअल्स में एक ट्रेंडी लुक चाहते हैं तो ऐसे में स्नीकर्स को स्टाइल करें। आप कलर्ड स्नीकर्स से लेकर स्लीक व्हाइट शूज़ पहनकर अपने लुक को स्पाइसअप करें।

## शकरकंद से बनाए जा सकते हैं अनेक स्वादिष्ट व्यंजन, आसान हैं रेसिपी

शकरकंद एक पौष्टिक और स्वादिष्ट सब्जी है, जिसे अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी6 के साथ-साथ फाइबर भी भरपूर मात्रा में होता है। शकरकंद से बने व्यंजन न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी होते हैं। आइए आज हम आपको शकरकंद से बनाए जाने वाले व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें घर पर 10 से 15 मिनट में तैयार किया जा सकता है।

### शकरकंद की टिक्की

शकरकंद की टिक्की एक बेहतरीन स्नैक है, जिसे आप शाम की चाय के साथ खा सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले शकरकंद को उबाल लें और फिर उसे मैश कर लें, फिर इसमें हरी मिर्च, अदरक, पत्तेदार धनिया, नमक और थोड़ा सा बेसन मिलाएं। अब इस मिश्रण को छोटे-छोटे गोल आकार में बनाकर तवे पर हल्का तेल डालकर सेंके, फिर इन्हें गर्मागर्म परोसें। यह टिक्की बाहर से कुरकुरी और अंदर से नरम है।



### शकरकंद का हलवा

शकरकंद का हलवा एक मिठाई है, जो खास मौकों पर बनाई जाती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले शकरकंद को उबाल कर मैश कर लें, फिर कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें मैश किया हुआ शकरकंद डालें। इसे धीमी आंच पर भूनें जब तक कि इसका रंग बदल न जाए। अब इसमें दूध, चीनी और इलायची पाउडर मिलाएं और गाढ़ा होने तक पकाएं। अंत में कटे हुए मेवे डालकर इसे परोसें।

## सिर्फ 10 मिनट में चमकाना है काला सोना तो बिना खर्च किए इन चीजों से करें साफ

सोने के गहनों को अगर आप हर दिन इस्तेमाल कर रहे हैं, तो यह धूल-मिट्टी और हवा में मौजूद नमी की वजह से यह काले दिखने लगते हैं। यह आम बात है कि कोई भी वस्तु अगर आप हर दिन पहनते हैं और इसकी नियमित रूप से सफाई नहीं करते हैं, तो इसका रंग फीका पड़ेगा ही। इसी तरह सोने के गहने जैसे अंगूठी, चेन और कान के झुमके काले पड़ने लगते हैं। अगर आप इन्हें मार्केट में साफ करवाने जाएंगे, तो सुनार अधिक पैसे मांगता है। इस आर्टिकल में हम आपको सोने के गहनों को साफ करने के टिप्स के बारे में बताएंगे।ये घरेलू नुस्खे एक बार करने के बाद आप बार-बार इन्हें फॉलो करेंगे।

### टूथपेस्ट से चमकाएं सोने के आभूषण

इसके लिए सबसे पहले आपको एक बर्तन में पानी गर्म करना है।
इसके बाद आप इसमें एक चम्मच टूथपेस्ट मिलाएं।
ध्यान रखें कि आपको आधा कटोरी पानी में एक चम्मच टूथपेस्ट मिलाना है।
जब पानी गर्म हो जाए, तो चम्मच की मदद से टूथपेस्ट को पानी में घोल लें।
अब आप गैस बंद करें और इसमें सोने के गहनों को 10 मिनट के लिए डालकर छोड़ दें।
इसके बाद आप गहनों को पानी से निकाले और हल्के हाथ से ब्रश से साफ करें।
गर्म पानी में गहने डालने से इसपर लंगी गंदीग पानी में आ जाती है।
आप देखेंगे कि सोने के गहनों की चम्मच एकदम नए जैसी हो गई है।
यह चांदी की पायल साफ करने का भी आसान तरीका है।



### नींबू की मदद से ऐसे करें गहनों को साफ

इसके लिए आपको आधा कटोरी पानी में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाकर गर्म करना है।
जब पानी अच्छे से गर्म हो जाए, तो गैस बंद कर दें।
अब इसमें सोने के गहनों को डालकर कुछ समय के लिए छोड़ दें।
इसके बाद कोई भी डिटर्जेंट पाउडर लेकर ब्रश से हल्के हाथों से साफ करें।
इसके बाद आप एक बर्तन में आधा कटोरी पानी लेकर आधा चम्मच हल्दी मिलाएं।

कार्नर न्यूज

त्यौहारों में अलग-अलग तरीके से पहनें साड़ी, सबसे अलग और खास लगेगा आपका लुक

# नवरात्रि में गुजराती, दिवाली पर बनारसी और करवा चौथ पर पहनें राजस्थानी बांधनी

त्योहारों का मौसम आते ही हर महिला चाहती है कि वह सबसे अलग और सुंदर दिखे। साड़ी भारत की परंपरा का अहम हिस्सा है और इसे पहनने के कई तरीके हैं, जो आपके लुक को खास बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ नए और आकर्षक साड़ी पहनने के अंदाज बताएंगे, जिन्हें आप इस त्योहार के सीजन में आजमा सकती हैं और अपने लुक को और भी स्टाइलिश बना सकती हैं। इन सभी तरीकों से आप अपने त्योहारों को खास बना सकती हैं और हर मौके पर अलग-अलगअंदाज में नजर आ सकती हैं।



### नवरात्रि के लिए चुनें गुजराती स्टाइल

गुजराती स्टाइल में साड़ी पहनना नवरात्रि के दौरान बहुत लोकप्रिय होता है। इसमें पल्लू को सामने की ओर से लपेटा जाता है, जिससे यह देखने में बहुत आकर्षक लगता है। इस स्टाइल को अपनाने से आपके लिए चलना आसान हो सकता है और आप गरबा या डांडिया करते समय आराम महसूस कर सकती हैं। इसके साथ भारी गहनों का मेल करें ताकि आपका लुक पूरा हो सके और आप सबसे अलग दिखें।

### दिवाली पर पहनें बनारसी साड़ी

दिवाली पर बनारसी साड़ी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसकी चमकदार कारीगरी और अच्छा कपड़ा इसे खास बनाते हैं। इसे पहनते समय ध्यान रखें कि पल्लू को थोड़ा लंबा रखें ताकि यह शाही अंदाज दे सके। इसके साथ छोटे क्लच बैग अच्छे लगते हैं, जिनपर थोड़ी कढ़ाई की गई हो। इसके अलावा हल्के गहने और बिंदी का उपयोग करें ताकि आपका लुक और भी खास और आकर्षक नजर आए।



### करवा चौथ के लिए बेहतरीन है राजस्थानी बांधनी

करवा चौथ पर राजस्थानी बांधनी साड़ी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसमें रंग-बिरंगे डिजाइन होते हैं, जो त्योहार की खुशी को बढ़ाते हैं। इसे पहनते समय पल्लू को सिर पर ढकें ताकि यह पारंपरिक लगे और साथ ही आपको आराम भी मिले। इसके साथ चांदी के गहने पहने जा सकते हैं जो आपके लुक को पूरा करेंगे। इसके अलावा हल्की मेहंदी और बिंदी का उपयोग करें ताकि आपका लुक और भी खास नजर आए।